रोहतक, शनिवार 5 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-09 ■ वर्ष : 30, अंक : 212 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 36.5, न्यून. 24.5 haribhoomi.com

जनसरोकार से प्रतिबद्ध

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

31 वां स्थापना दिवस

रोहतक, रेवाड़ी, नूंह अंबाला, गुरुग्राम और फरीदाबाद में झमाझम

कई जिलों में बारिश, गुरुग्राम में सड़कें डूबीं, लगा जाम

गुरुग्राम में मेट्रो स्टेशन तक पहुंचा पानी, 2 कारों पर बिजली के खंभे गिरे

दिल्ली में इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अहमदाबाद, मुंबई की उड़ानें रद्द

जबलपुर में होमगार्ड्स की मोटरबोट डूबीं, यूपी के 23 जिलों में बाढ़

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को तेज बरसात हुई। इनमें रोहतक, रेवाड़ी, अंबाला, नूंह और फरीदाबाद भी शामिल हैं। गुरुग्राम में शाम चार बजे से पांच बजे तक एक घंटे में ही 36 एमएम बारिश हुई। इससे सेक्टर-15, 22 व 31 और मानेसर सेक्टर-5 में जलभराव हो गया। गुरुग्राम से सटे यशोभूमि मेट्रो स्टेशन पर बारिश का पानी प्लेटफार्म तक पहुंच गया। गुरुग्राम से सटे यशोभूमि मेट्रो स्टेशन पर बारिश का पानी प्लेटफार्म तक पहुंच गया। वार्ड-14 में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसे में समस्या से निटपने की बजाय जेई मनोज ड्यूटी से नदारद हो गए। फोन भी बंद कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने जेई को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। उधर, देर शाम को नेशनल हाईवे-48 पर दिल्ली के धौलाकुआं से लेकर गुरुग्राम तक लंबा जाम लग गया। गुरुग्राम में यह जाम 5 किलोमीटर लंबा रहा, जो डेढ़ घंटे तक लगा रहा। सेक्टर 40 में एक पेड़ टूटकर बिजली के तारों पर गिर गया। इसकी वजह से दो खंभे भी टूट गए, जिनकी चपेट में आकर दो कारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

प्रदेश में अभी तक 22 फीसदी कम बारिश

पश्चिमी हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी और जींद में दोनों दिन बारिश का असर अपेक्षाकृत कम रहने की संभावना है। आईएमडी की रिपोर्ट के मुताबिक, 1 जून से 3 सितंबर तक प्रदेश में 283.3 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य 364.6 मिमी होनी चाहिए थी। यानी मानसून सीजन में अब तक 22% बारिश कम हुई है। ऐसे में अगले दो दिन होने वाली बारिश किसानों और आम लोगों के लिए राहत लेकर आ सकती है।

दिल्ली एयरपोर्ट भी जलमग्न

दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार दोपहर से तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अगले तीन घंटों में भारी बारिश के साथ 60 किमी प्रति घंटे तक की हवाएं चलने का अनुमान है। भारी बारिश से दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट परिसर के कई हिस्सों में पानी भर गया। अहमदाबाद, मुंबई और पोर्ट ब्लेयर से आने वाली उड़ानें देरी से पहुंचीं।

आज भी बारिश का अलर्ट

शनिवार को झज्जर, गुरुग्राम, नूंह और रेवाड़ी समेत 14 जिलों में बारिश के आसार हैं। शुक्रवार के लिए पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद और पलवल में यलो अलर्ट जारी किया गया था।

नेपाल त्रासदी : नौ दिन तक सुरंग में कैद रही जिंदगी

जपते रहे 'हरे कृष्ण', जन्माष्टमी के दिन सुरक्षित निकले संजय और कबीर

काठमांडू। नेपाल बाढ़ के 9 दिन बाद त्रिशूली-3 'ए' हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंग से 2 मजदूर जिंदा निकाले गए हैं। शुक्रवार सुबह रेस्क्यू टीम ने दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। उनकी पहचान संजय साह और कबीर महर्जन के रूप में हुई है। बाढ़ के बाद सुरंग में 42 कर्मचारी और मजदूरों के फंसे होने की जानकारी सामने आई थी। दो लोगों के जिंदा मिलने के बाद बचाव अभियान में उम्मीद बढ़ी है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान सुरंग के भीतर से इंसानी आवाज सुनाई देने की सूचना मिली थी। वहीं, बाढ़ से अब तक 5,300 से ज्यादा लोग लापता हैं। अब तक 1,282 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि राहत और बचाव दलों ने 12,038 लोगों को सुरक्षित निकाला है।

अंधेरे में 'हरि' नाम बना सहारा

इन नौ दिनों में उनके पास न रोशनी थी, न बाहर निकलने का रास्ता। ऐसे वक्त में संजय ने उम्मीद नहीं छोड़ी। वह लगातार 'हरे कृष्ण' महामंत्र का जाप करते रहे। संजय भगवान कृष्ण का नाम लेते हुए सुरंग में जिंदगी की उम्मीद लगाए बैठे रहे। अब जन्माष्टमी के दिन उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। संजय ने सुरक्षा कर्मियों को बताया कि मैं पिछले नौ दिनों से 'हरे कृष्ण' महामंत्र का जाप कर रहा था।

रिटायरमेंट की उम्र पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

सात राज्यों में सेवा विस्तार का रास्ता साफ

न्यायिक अधिकारी अब 62 साल तक कर सकेंगे नौकरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जिला न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारियों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। 7 राज्यों में उनकी सेवानिवृत्ति की उम्र 60 से बढ़ाकर 62 साल करने का रास्ता साफ हो गया है। छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, सिक्किम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल सरकार ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने इन राज्यों को अपने सेवा नियमों में बदलाव करने का निर्देश दिया है।

यह दो साल का विस्तार सभी अधिकारियों को स्वतः नहीं मिलेगा। 60 साल की उम्र पूरी करने वाले न्यायिक अधिकारियों की योग्यता, कार्यक्षमता और प्रदर्शन का आकलन संबंधित हाई कोर्ट करेगा। इसके बाद ही उन्हें 62 साल तक सेवा में बनाए रखने का फैसला होगा। कोर्ट ने राज्यों को जल्द से जल्द नियमों में संशोधन करने को कहा है और अधिमानतः यह प्रक्रिया दो महीने के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया है।

62 साल तक सेवा के लिए जांच से गुजरना होगा 31 मार्च 2026 के बाद रिटायर हुए अधिकारियों को भी विकल्प

ज्यादातर हाईकोर्ट ने आयु 62 साल करने का समर्थन किया

मामले में लगभग सभी हाई कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति उम्र 62 साल करने का समर्थन किया है। कुछ हाई कोर्ट ने इसके साथ प्रदर्शन, स्वास्थ्य या जांच की शर्त रखने की सिफारिश की। इलाहाबाद, कलकत्ता, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पटना, राजस्थान, सिक्किम और त्रिपुरा हाई कोर्ट ने 60 से 62 साल करने का समर्थन किया। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने भी 62 साल के पक्ष में राय दी। वहीं उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड ने फिलहाल न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति उम्र 60 साल बनाए रखने का रुख अपनाया है।

बडगाम में एक आतंकी ढेर, दूसरे की तलाश

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले के अशदर गली इलाके में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया। उसके पास से एक एके-47 राइफल बरामद हुई है। इलाके में एक और आतंकी के छिपे होने की आशंका के चलते सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। मारे गए आतंकी की पहचान अभी नहीं हो सकी है। सुरक्षाबलों को गुरुवार शाम सूचना मिली थी कि आतंकियों का एक संदिग्ध समूह पुलवामा के पखेरपोरा से बडगाम के यूसमर्ग की ओर बढ़ रहा है। इसके बाद सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने अशदर गली के जंगल में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया।

अशदर गली में सेना-पुलिस-सीआरपीएफ का संयुक्त अभियान

फुकेट-दिल्ली की फ्लाइट का पायलट ड्रग पॉजिटिव, बर्खास्त

नई दिल्ली। फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट के पायलट का ड्रग टेस्ट पॉजिटिव आया है। सूत्रों के मुताबिक, घटना की जांच कर रही एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुआती रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। इसके बाद एयर लाइन ने पायलट को बर्खास्त कर दिया। उड़ान के दौरान एयरबस विमान के फ्लाइट-कंट्रोल सिस्टम ने तीनों हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी रिकॉर्ड की थी। एएआईबी ने कहा है कि जांच पूरी होने के बाद फाइनल रिपोर्ट जारी की जाएगी। यह घटना 4 अगस्त की है। फुकेट से दिल्ली आते वक्त भुवनेश्वर के पास प्लेन अचानक करीब 300 फीट नीचे आ गया था।

एएआईबी ने दी जानकारी, 300 फुट नीचे आया था विमान, जांच के बाद फाइनल रिपोर्ट जारी होगी

किसानों की 15 सितंबर से खरीद शुरू करने की मांग, मुख्यमंत्री बोले- केंद्र के साथ संपर्क में

धान खरीद के लिए सरकार पूरी तरह तैयार मंडियों में किसानों को नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार धान की फसल की खरीद के लिए पूरी तरह तैयार है। मंडियों में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। गौरतलब है कि किसान संगठनों ने 15 सितंबर से धान की खरीद शुरू करने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धान में नमी को लेकर आढ़तियों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह सरकार के सामने भी एक समस्या रहती है। यदि धान में नमी निर्धारित मानकों के अनुरूप होगी तो खरीद में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि धान की खरीद शुरू करने का फैसला केंद्र सरकार के स्तर पर होता है और प्रदेश सरकार केंद्र के लगातार संपर्क में है। मुख्यमंत्री पत्रकारों के सवालों कां जवाब दे रहे थे। विधानसभा सत्र के संबंध में उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए हैं। विधानसभा में करीब 16 घंटे तक काम हुआ। प्रदेश के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार तीन गुना गति से विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ज्योतिसर तीर्थ पर की पूजा- अर्चना

मुख्यमंत्री ने महाभारत अनुभव केंद्र का निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायजा लिया

कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विश्व का कोई भी नागरिक यदि महाभारत की कथा को आधुनिक तकनीक के जरिए अपने सामने जीवंत देखना चाहते हैं, तो वो कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर स्थित महाभारत अनुभव केंद्र में आएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महाभारत अनुभव केंद्र का उद्घाटन किया था। महाभारत और भगवद्गीता की समृद्ध विरासत को समर्पित यह महाभारत अनुभव केंद्र हरियाणा के साथ-साथ देश के प्रमुख सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों में अपनी पहचान बना रहा है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को ज्योतिसर के महाभारत अनुभव केंद्र में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ज्योतिसर तीर्थ पर माथा टेका, विधि पूर्वक पूजा अर्चना करके प्रदेश की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण व राधा बने बच्चों को प्यार दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महाभारत अनुभव केंद्र का निरीक्षण किया।

कुरुक्षेत्र। महाभारत अनुभव केंद्र का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

गीता ज्ञान संस्थान में भगवान कान्हा को झूला झुलाया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गीता ज्ञान संस्थानम परिसर में श्री राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की और भगवान कान्हा को झूला झुलाया। यहां पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महाभारत अनुभव केंद्र का उद्देश्य महाभारत की महाकाव्य कथा और भगवद्गीता की कालजयी शिक्षाओं को पारंपरिक कहानी कहने और आधुनिक तकनीक के मेल से लोगों तक पहुंचाना है। भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को भगवद्गीता देने से पारंपरिक रूप से जुड़ी पवित्र भूमि ज्योतिसर में विकसित यह केंद्र सांस्कृतिक व्याख्या, अनुभवात्मक शिक्षा और विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण स्थल है। यहां पर ही भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े थे और उन्होंने विश्व के मानव जाति के कल्याण के लिए श्रीमद्भगवद्गीता का उपदेश दिया था। उन्होंने कहा कि यह केंद्र लगभग 17 एकड़ में फैला हुआ है।

पांच जिलों के एसपी सहित 29 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

करण गोयल करनाल, मेधा भूषण पलवल, दीप्ति गर्ग पानीपत, मयंक मिश्रा भिवानी और फ्रबीना पी. को नारनौल की पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने पुलिस प्रशासन में फेरबदल करते हुए 29 आईपीएस और एक एचपीएस अधिकारी के तबादले एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। करनाल, पलवल, पानीपत, भिवानी और नारनौल में नए पुलिस अधीक्षक लगाए गए हैं। गृह विभाग की ओर से 3 सितंबर को जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। आदेश के अनुसार, 1997 बैच आईपीएस अमिताभ सिंह ढिल्लों अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, आधुनिकीकरण एवं कल्याण, पंचकूला के पद पर बने रहेंगे। साथ उन्हें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली और यातायात एवं राजमार्ग का अतिरिक्त प्रभार दिया है। 1998 बैच आईपीएस विकास अरोड़ा को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, पुलिस मुख्यालय, पंचकूला के साथ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, साइबर, दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा निदेशक, राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्र सरकार से लौटे 2006 बैच आईपीएस अश्विन को पुलिस महानिरीक्षक, करनाल रेंज नियुक्त किया है। उउनके स्थान पर अशोक कुमारको पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, सुनारिया लगाया गया है। फेरबदल में पांच जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले गए हैं। करण गोयल को करनाल, मेधा भूषण को पलवल, दीप्ति गर्ग को पानीपत, मयंक मिश्रा को भिवानी और फ्रबीना पी. को नारनौल का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। लोकेन्द्र सिंह को पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा, अपराध जांच विभाग-1 के साथ पुलिस अधीक्षक, आतंकवाद निरोधक दस्ता का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, वहीं राजेश कुमार को अपनी मौजूदा जिम्मेदारियों के साथ गुरुग्राम में सामुदायिक पुलिसिंग एवं आउटरीच तथा स्क्रूटनी का पुलिस अधीक्षक लगाया गया है। उपासना और वरुण सिंगला को पुलिस अधीक्षक, अपराध जांच विभाग के साथ पुलिस अधीक्षक, आतंकवाद निरोधक दस्ता का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वीरेंद्र सांगवान को पुलिस अधीक्षक, राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो नियुक्त किया है।

नरेंद्र बिजारणिया विशेष कार्य बल के एसपी

नरेंद्र बिजारणिया करनाल के एसपी पद से स्थानांतरित कर विशेष कार्य बल का पुलिस अधीक्षक बनाया है। भूपिंदर सिंह को पानीपत से पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा, अपराध जांच विभाग और सुमित कुमार को भिवानी से पुलिस अधीक्षक, विशेष कार्य बल लगाया गया है। पलवल पुलिस अधीक्षक नितीश अग्रवाल को पुलिस उपायुक्त, अपराध, गुरुग्राम नियुक्त किया है। वह इस पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हितेश यादव को मुक्त करेंगे। सोनीपत पूर्व की पुलिस उपायुक्त मेधा भूषण उनकी जगह पलवल की पुलिस अधीक्षक होंगी। नारनौल पुलिस अधीक्षक दीपक जेवरिया को पुलिस अधीक्षक, कानून एवं व्यवस्था तथा पुलिस अधीक्षक, आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली, पंचकूला लगाया गया है।

सोनीपत, गुरुग्राम और झज्जर में भी बदलाव

रोहतक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रहे आयुष यादव को पुलिस उपायुक्त, पूर्वी सोनीपत नियुक्त किया गया है। उन्हें पुलिस अधीक्षक, हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। नारनौल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रहे फैसल खान को पुलिस उपायुक्त, झज्जर और नूंह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रहे वाई.वी.आर. शशि शेखर को पुलिस उपायुक्त, पश्चिम गुरुग्राम नियुक्त किया गया है।

खबर संक्षेप

बारिश से घग्गर उफान पर प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

पंचकूला। पंचकूला और आसपास के क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते घग्गर नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी उफान पर है और उसने रौद्र रूप धारण कर लिया है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है और लोगों से घग्गर नदी सहित अन्य बरसाती नदियों व नालों से दूरी बनाए रखने की अपील की है। प्रशासन ने अगले तीन से चार दिनों तक भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए लोगों को नदी या बरसाती नालों में उतरने, नहाने और इनके किनारे जाने से बचने की सलाह दी है। साथ ही युवाओं और बच्चों को विशेष रूप से नदी-नालों के आसपास नहीं जाने की हिदायत दी गई है। प्रशासन ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों के साथ-साथ पंचकूला में हो रही बारिश के कारण घग्गर नदी और अन्य बरसाती नदियों व नालों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही भाजपा : गुप्ता

चंडीगढ़/बराड़ा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में महिला सशक्तिकरण को नई रफ्तार मिली है। आज महिलाएं केवल सरकारी योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि देश के विकास में सक्रिय भागीदार बन रही हैं। भाजपा सरकारों ने महिलाओं को अधिकार देने के साथ उनके सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने का काम किया है।डॉ. अर्चना गुप्ता शुक्रवार को बराड़ा स्थित बंसल पैलेस में भाजपा महिला मोर्चा की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी के साथ शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि विपक्ष महिलाओं का रास्ता रोक रहा है।

किसान संगठनों से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री की बैठक, मनोहर बोले- मांगें पूरी करवाएंगे

गुरुग्राम में चार घंटे चली बैठक, किसान बोले- सरकार का रुख सकारात्मक

गुरुग्राम। केंद्र सरकार और किसानों के बीच चल रहे गतिरोध को खत्म करने के लिए गुरुग्राम में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के प्रतिनिधिमंडल के बीच बृहस्पतिवार करीब 4 घंटे तक बैठक हुई। बैठक रात 11 बजे तक चली। इसमें देश के अलग-अलग राज्यों से आए 13 किसान प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। किसानों ने अपनी 10 प्रमुख मांगों का विस्तृत चार्टर केंद्रीय मंत्री को सौंपा। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने दावा किया कि किसानों की मांगों पर अलग-अलग मंत्रियों से बात कर करके उन्हें जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा और किसान फिलहाल संतुष्ट हैं। वहीं किसान नेताओं का कहना है कि अभी आश्वासन मिला है, लेकिन किसान तब संतुष्ट होंगे, जब मांगों को पूरा किया जाएगा, लेकिन इस बार सरकार से पॉजिटिव रिस्पांस मिला है।

हर मुद्दों पर हुई गंभीर चर्चा : जगदीप डल्लेवाल

संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक जगदीप सिंह डल्लेवाल ने बताया कि बातचीत बेहद गंभीर और विस्तृत रही। चार्टर में शामिल हर एक प्वाइंट पर विस्तार से चर्चा हुई। 4 घंटे के इस लंबे संवाद में किसानों की समस्याओं, उनकी आशंकाओं और सरकार के रुख को लेकर आमने-सामने की बातचीत हुई।बैठक में मुख्य रूप से भारत-अमेरिका ट्रेड डील, एमएसपी की कानूनी गारंटी, कृषि क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, स्मार्ट मीटर और बिजली सब्सिडी जैसे गंभीर मामलों पर चर्चा की गई। किसान प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री के सामने अपनी जिन 10 प्रमुख मांगों को रखा, उनमें से कुछ बेहद संवेदनशील विषयों पर सरकार की तरफ से सकारात्मक संकेत मिले हैं।इस बारे में सचिव हरदीप सिंह गिल ने बताया कि अभी हमें केवल आश्वासन मिला है, हमारी मांगें पूरी होने पर ही देश के किसान संतुष्ट होंगे।

सेवा संकल्प अभियान के लिए नोडल अधिकारी किए नियुक्त

■ शिक्षा विभाग तैयारियों में जुटा : ढांडा

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने राज्य और जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। इस बात की जानकारी हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा द्वारा दी गई। शिक्षा मंत्री ने बताया कि उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा राज्य स्तर पर अभियान के सफल संचालन एवं समन्वय के लिए निदेशालय के राज्य एनसीसी/एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार राज्य नोडल अधिकारी बनाया गया है। डॉ. दिनेश कुमार राज्यभर में अभियान से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी और उच्च अधिकारियों के साथ समन्वय का कार्य संभालेंगे। इसके साथ ही, प्रदेश के सभी जिलों में इस अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूती से लागू करने के लिए जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अपने-अपने संबंधित जिलों के लिए जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

हाईकोर्ट ने रोडवेज चालक के परिवार का मुआवजा बढ़ाया

चंडीगढ़। ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से जान गंवाने वाले हरियाणा रोडवेज के चालक के परिवार को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने राहत देते हुए मुआवजे की राशि बढ़ाकर 94 हजार 780 रुपये कर दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारी वाहन चलाने वाले कर्मचारी को लंबे समय तक शारीरिक और मानसिक परिश्रम करना पड़ता है और ऐसी परिस्थितियां हृदय संबंधी परेशानी को बढ़ा सकती हैं। यदि रोजगार और कर्मचारी की मृत्यु के बीच संबंध स्थापित हो तो ऐसी मृत्यु को रोजगार के दौरान हुई मृत्यु माना जा सकता है। जस्टिस हरकेश मनुजा ने यह आदेश हरियाणा रोडवेज की अपील और मृतक की पत्नी रोशनी देवी सहित अन्य आश्रितों की प्रति-आपत्ति पर सुनवाई करते हुए दिया। मामला चालक जोगिंदर सिंह की मृत्यु से जुड़ा है। 24 जनवरी 1994 को जोगिंदर सिंह हरियाणा रोडवेज की बस लेकर जगाधरी से पलवल जा रहे थे। ड्यूटी के दौरान उन्हें घातक हार्ट अटैक हुआ और उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद आश्रितों ने मुआवजे के लिए दावा किया था।

30 तक प्रदेशभर में होंगी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की कन्वेंशन

चंडीगढ़। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं जनहित के मुद्दों से जोड़ने के उद्देश्य से 30 सितंबर तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की कन्वेंशन आयोजित की जाएंगी। इन सम्मेलनों के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया जाएगा तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की रणनीति तैयार की जाएगी।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व.मं.यां.अभि./कै.एवं वै. अम्बाला के द्वारा ई टेंडर संख्या 116S-WC-26-MC-4-2026-27 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके बंद होने की तिथि व समय 25.09.2026, 15:00 है, जो उसी दिन 15:05 बजे वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

ई निविदा सूचना सं. – 116S-WC-26-MC-4-2026-27

कार्य का नाम	दौलतपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1 पर CAMTECH पैटर्न के अनुसार क्विक वाटरिंग सिस्टम की व्यवस्था		
एडवरटाईजड वैल्यू	धरोहर राशि	कार्य की अवधि	निविदा खुलने की तिथि
रु. 3,85,17,109.17	रु. 7,70,400	10 माह	25.09.2026

नोट : 1. टेंडरर द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. निविदा सूचना/निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

संख्या : 116S-WC-26-MC-4-2026-27 दिनांक: 03.09.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3048/2026

उपराष्ट्रपति का चंडीगढ़ में स्वागत

चंडीगढ़। पंजाब यूनिवर्सिटी के चांसलर एवं उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को पंजाब यूनिवर्सिटी का दौरा किया। उपराष्ट्रपति बनने के बाद उनका पीयू में यह पहला दौरा है। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इससे पहले चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पंजाब के राज्यपाल भी मौजूद रहे।

भाजपा खेल व खिलाड़ी विरोधी मानसिकता से ग्रस्त : हुड्डा

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश के उन पदकवीर खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी है, जिन्हें एचसीएस और एचपीएस के पदों पर नियुक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों को अपना हक पाने के लिए आठ वर्ष तक अदालत में संघर्ष करना पड़ा। भाजपा सरकार ने उन्हें पद, सम्मान और हक से वंचित रखने के लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन अंततः पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले ने इन खिलाड़ियों को एचसीएस और एचपीएस में नियुक्ति का रास्ता साफ किया है। उन्होंने कहा कि अदालत ने सरकार पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इस मामले ने एक बार फिर भाजपा की खेल और खिलाड़ी विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है। केवल खिलाड़ी ही नहीं, यह सरकार हरियाणा के कर्मचारियों, कच्चे कर्मचारियों और नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे बेरोजगार युवाओं से भी नाइंसाफी कर रही है।

■ पदकवीरों को नियुक्ति मिलने पर हुड्डा का तंज, बोले- सरकार को हाईकोर्ट ने दिखाया आईना

कैग रिपोर्ट को लेकर विपक्ष हमलावर, सरकार पर जड़े आरोप

चंडीगढ़। सिरसा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्रीकुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा सरकार के राजस्व प्रबंधन को लेकर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की ताजा रिपोर्ट में सामने आए तथ्य गंभीर चिंता का विषय हैं। सरकार को इन निष्कर्षों को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बजाय प्रशासनिक जवाबदेही के नजरिए से लेते हुए प्रत्येक मामले की जांच करवानी चाहिए। जहां नियमों की अनदेखी अथवा लापरवाही हुई है।

सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खुली

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि विधानसभा में राजकोषीय प्रबंधन पर रखी गई कैग की रिपोर्ट ने बीजेपी सरकार में किए गए हजारों करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार को जनता के सामने ला दिया है। बीजेपी सरकार महाभ्रष्ट है इस पर कैग ने मुहर लगा दी है। सेल टैक्स, स्टांप ड्यूटी और परिवहन से संबंधित 143 यूनिटस में करीबन 1000 करोड़ रुपए के ये घोटाले किए गए हैं। 266 कृषि भूमि पंजीकरण में 34 करोड़ रुपए का चूना लगाया गया और रेजिडेंशियल, कमर्शियल और इंडस्ट्रियल प्लाटों की गलत तरीके से रजिस्ट्री की गई। कैग की रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि आरटीए पंचकुला में नियंत्रक अधिकारी द्वारा साढे 5 करोड़ रुपए के सरकारी धन का दुरूपयोग किया गया।

एएनएस इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : 136 किमी., जी.टी. रोड, गांव व डा. शामगढ़, करनाल (हरियाणा)
मुख्य कार्यालय : 144/2, आश्रम, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110014, CIN: L15130HR1994PLC032362
E-mail : ansagro.limited@gmail.com, Website : www.ansfoods.com,

32वीं वार्षिक सामान्य बैठक और दूरस्थ ई-वोटिंग जानकारी की सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये कम्पनी की 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक बुधवार, 30 सितम्बर 2026 को अप. 12.30 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में 136 किमी., पीओ- शामगढ़, जिला करनाल हरियाणा-132116 में आयोजित की जाएगी।

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर अपेक्षाएं) नियमनों, 2015 के नियमन 36(1)(बी) के सम्बन्ध में, कम्पनी वेबलिंक जहां से कम्पनी की वेबसाइट पर वर्ष 2025-26 हेतु वार्षिक रिपोर्ट और सूचना देखी जा सकती है, प्रदान करते हुए, जिन शेयरधारकों की ई-मेल आईडी कम्पनी/रजिस्ट्रार/डीपी के पास पंजीकृत नहीं है, को एक पत्र भेज दिया और एजीएम की सूचना तथा वर्ष 2025-26 हेतु वार्षिक रिपोर्ट की सॉफ्ट प्रतियां उन शेयरधारकों को भेज दी गई है जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी/आरटीए/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत हैं। एजीएम की आगे सूचना सहित वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट पर www.ansfoods.com पर और स्टॉक एक्सचेंज अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगी।

इसके अतिरिक्त कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2015 के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर अपेक्षाएं) नियमनों 2015 के नियमन 44 के प्रावधानों के तहत कम्पनी इसके शेयरधारकों को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के माध्यम से एजीएम सूचना में निर्धारित सभी बिजनेस के सम्बन्ध में एजीएम के स्थान के अलावा अन्य स्थान से अपना मत दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से देने के अधिकार की सुविधा प्रदान करने के लिये प्रसन्न है। विवरण यहां नीचे दिया गया है :

ई-वोटिंग अवधि रविवार, 27 सितम्बर 2026 को पूर्वा. 9.00 बजे आरम्भ होगी और मंगलवार, 29 सितम्बर 2026 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान या तो भौतिक रूप से या डिमैटिरलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले शेयरधारक अपना मत इलैक्ट्रोनिक रूप से दे सकते हैं, उपरोक्त तिथि और समय के उपरांत दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

एजीएम के स्थल पर अथवा दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा मतदान करने के लिये पात्रता सुनिश्चित करने हेतु कट ऑफ तिथि 23 सितम्बर 2026 है।

कोई व्यक्ति जिसका नाम उपरोक्त कट-ऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा मेनटेन किए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में अथवा सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वह दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा एजीएम में वोटिंग की सुविधा का लाभ प्राप्त करने का हकदार होगा।

भौतिक में शेयरधारण करने वाला कोई व्यक्ति पैन-केवाईसी की पूर्णता के पश्चात यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। पैन-केवाईसी की पूर्णता के लिए, कृपया प्रपत्र आईएसआर-1, आईएसआर-2 (यदि आरटीए/कम्पनी रिकार्ड के पास हस्ताक्षर मिलान नहीं करते हैं) आरटीए अर्थात मास सर्विसेज लिमिटेड, टी-34, द्वितीय तल, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020 को भेजें। मेल आईडी - investor@masserv.com/ sm@masserv.com.

कोई व्यक्ति, जो शेयर अर्जन कर चुका है और सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट ऑफ तिथि के अनुसार शेयरधारण करता है, ई-मेल आईडी : evoting@nsdl.co.in पर एक आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड भी प्राप्त कर सकता है और यदि एनएसडीएल के पास पहले ही पंजीकृत है तो शेयरधारकों अपना मतदान करने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए।

निदेशक मण्डल ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से ई-वोटिंग की संवीक्षा करने के लिए संवीक्षाकर्ता के तौर पर अनुज गुप्ता एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सैक्रेटरीज के प्रोपराइटर श्री अनुज गुप्ता को नियुक्त किया है।

किन्हीं प्रश्नों के मामले में, आप शेयरधारकों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूएस) और www.evotingnsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा कॉल करें : 022-4886-7000 अथवा evoting@nsdl.com पर सुश्री पल्लवी म्हात्रे को आग्रह भेज सकता है।

कोई भी सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मत देने के लिये अपने अधिकार का प्रयोग करने के पश्चात् भी एजीएम में भाग ले सकता है परन्तु एजीएम में दोबारा मत देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कम्पनी बैठक में उपस्थित उन सदस्यों हेतु बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग की सुविधा भी प्रदान करेगी, जो दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा का लाभ ले कर अपने मत नहीं देते हैं।

कृते एएनएस इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता/-
(उमेश कुमार)
कम्पनी सचिव
एम. नं. ए-30516

दिनांक : 03.09.2026
स्थान : नई दिल्ली

आयुष्मान के सूचीबद्ध अस्पतालों को हर माह हो रहा भुगतान

■ 2025-26 में करीब 1,200 करोड़ का भुगतान किया गया

चंडीगढ़। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण, हरियाणा ने कहा है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों के दावों का नियमित रूप से निपटारा किया जा रहा है और उन्हें भुगतान जारी किया जा रहा है। दावों का निपटारा 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाता है तथा सूचीबद्ध अस्पतालों को हर माह भुगतान किया जाता है। प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सूचीबद्ध अस्पतालों को करीब 689.7 करोड़ रुपये, 2024-25 में 1,234.5 करोड़ रुपये और 2025-26 में करीब 1,200 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। चालू वित्तीय वर्ष में करीब 570 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। शेष दावों की प्रक्रिया भी सामान्य रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि दावों के नियमित निपटारे और मासिक भुगतान को देखते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) हरियाणा की ओर से आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों द्वारा सेवाओं के प्रतीकात्मक निलंबन संबंधी नोटिस सरकार पर अवांछित दबाव बनाने जैसा प्रतीत होता है।

मानसून सत्र : तीन बैठकों में 17 घंटे 39 मिनट हुई चर्चा

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा का दूसरा मानसून सत्र सार्थक, सकारात्मक, नसीहत और जनहित से जुड़े विषयों पर व्यापक चर्चा के साथ संपन्न हो गया। 27 अगस्त से आरंभ होकर 1 सितंबर तक चले इस सत्र में कुल तीन बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें 17 घंटे 39 मिनट तक सदन की कार्यवाही चली। सत्र के दौरान सदन का सदुपयोग हुआ, जिस कारण अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हो सकी। कई अवसरों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक के कारण सदन का माहौल गर्माया भी, लेकिन विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने अपने कुशल, संतुलित और प्रभावी संचालन से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में भूमिका निभाई। वे विशेषाधिकार के बाद भी सदन को सुचारू रूप से चलाने में सफल रहे। उन्होंने सदस्यों से अनुशासन और सदन की मर्यादा बनाए रखने तथा चर्चा को जनहित के मुद्दों पर केंद्रित रखने का आह्वान किया। अनेक अवसरों पर वे नसीहत देते भी नजर आए। अध्यक्ष के कुशल संचालन से सदन की गरिमा और संसदीय परंपराओं को बनाए रखने की उत्कृष्ट मिसाल देखने को मिली।

डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद् द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) के नाम	डिमांड नोटिस तिथि और राशि	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन
श्री हरदीप सिंह श्रीमती सरबजीत कौर हरदीप डेयरी फार्म (प्रोस्पेक्ट नं. IL10644644)	17-अगस्त-2026, रु. 997231.98/- (रुपये नौ लाख सतानवे हजार दो सौ इकत्तीस और अठानवे पैसे केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- गांव जलमाना (लाल डोरा के अंदर) तहसील असंध, जिला करनाल-132039 में स्थित सम्पत्ति यू.आई.डी. नं. 59300558 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2757
श्री शक्ति सिंह श्रीमती मतलेश श्रीमती पूनमपूनम डेयरी फार्म शक्ति एग्रो इम्प्लीमेंट (प्रोस्पेक्ट नं. IL10674913)	13-अगस्त-2026, रु. 2748421/- (रुपये सत्ताईस लाख अड़तालीस हजार चार सौ इक्कीस केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- गांव मुआना, तहसील सफीदों, जिला जीन्द, हरियाणा-126102 में खेवट नं. 300, खाता नं. 518, किते 38 वाली सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 7200
श्री विक्की श्री बलमत श्रीमती होश्यारी देवी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10683607)	13-अगस्त-2026, रु. 2430088/- (रुपये चौबीस लाख तीस हजार अठासी केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- गांव शामदो, तहसील अलेवा, जिला जीन्द, हरियाणा-126111 में खेवट नं. 130 मिन, खाता नं. 227 मिन, खसरा नं. 384 (1-0) वाली सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3627
श्री मुकेश श्रीमती रेनु मुकेश टेलर रेनु डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10809595)	11-अगस्त-2026, रु. 663274.75/- (रुपये छह लाख तरेसठ हजार दो सौ चौहत्तर और पचहत्तर पैसे केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- गांव सुदैन कलां, तहसील उचाना, जिला जीन्द, हरियाणा-126115 में स्थित खसरा नं. 264 (7-15) खेवट नं. 201, खाता नं. 208 में निहित सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 999
श्री विकास कुमार श्रीमती प्रवेश विकास राणा डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10809890)	11-अगस्त-2026, रु. 1873608/- (रुपये अठारह लाख तेहत्तर हजार छह सौ आठ केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- खेवट नं. 329, खतौनी नं. 553 किते 38 जीन्द, हरियाणा-126112, भारत में निहित। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 4762

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा 132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 05.09.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

जनसरोकार से प्रतिबद्ध

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

31 वां स्थापना दिवस

अंतरिक्ष में भारत की 'आंख'

36,000 किमी ऊपर से तस्वीरें लेने वाला सैटेलाइट ईओएस 05 लॉन्च

इसरो ने रचा इतिहास : अब चीन-पाक पर होगी कड़ी नजर, आपदा से पहले मिलेगा अलर्ट

श्रीहरिकोटा (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार अलसुबह 2:55 बजे ईओएस-05 इमेजिंग सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसे श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया है। यह करीब 36000 किलोमीटर की ऊंचाई पर जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट में रहकर तस्वीरें लेने में सक्षम है। ऐसा करने वाला भारत का यह पहला सैटेलाइट है। इससे पहले भारत के सभी इमेजिंग सैटेलाइट निचली कक्षा में थे। इसके साथ ही इसरो ने शुक्रवार तड़के इतिहास रच दिया। ईओएस-05 भारत और आसपास के बड़े इलाकों की लगातार तस्वीरें भेज सकेगा। इससे पाकिस्तान-चीन सीमा समेत संवेदनशील और रणनीतिक इलाकों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। सैटेलाइट का इस्तेमाल बाढ़, चक्रवात और दूसरी प्राकृतिक आपदाओं की निगरानी के लिए भी किया जाएगा। इससे आपदा की स्थिति का जल्दी पता लगाने और समय पर चेतावनी देने में मदद मिलेगी। मिशन से जुड़े वैज्ञानिक ने इसे 'आसमान से नजर रखने वाली आंख' बताया है।

सैटेलाइट ईओएस-05

2,367 किलोग्राम वजनी उपग्रह

18 मिनट प्रक्षेपण के बाद कक्षा में पहुंचा

51.7 मीटर ऊंचे जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट लॉन्चिंग

सौर पैनल भी सफलतापूर्वक खुले

इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने मिशन की सफलता की घोषणा करते हुए कहा कि जीएसएलवी ने उपग्रह को सटीक तरीके से कक्षा में स्थापित किया है। यह जीएसएलवी से भेजा गया अब तक का सबसे भारी उपग्रह है। उपग्रह के सौर पैनल भी सफलतापूर्वक खुल गए हैं और सभी प्रणालियां सामान्य रूप से काम कर रही हैं।

नौ वर्ष होगी कार्य अवधि

उपग्रह की कार्य अवधि करीब नौ वर्ष होगी। उन्होंने उन अटकलों को खारिज किया कि ईओएस-05 टोही उपग्रह है। यह मिशन 2021 में असफल हुए जीएसएलवी-एफ10/ईओएस-03 मिशन के बाद इस श्रेणी में महत्वपूर्ण वापसी भी है।

भारत को बड़े फायदे

- **खेती में मदद :** खेतों की स्थिति, फसल की सेहत, सिंचाई और सूखे से प्रभावित इलाकों की पहचान में मदद मिलेगी।
- **बाढ़ और आपदा प्रबंधन :** बाढ़, भूस्खलन, चक्रवात और जंगल की आग जैसी घटनाओं पर तेजी से नजर रखी जा सकेगी। राहत और बचाव अभियान की बेहतर योजना बनेगी।
- **मौसम और पर्यावरण की निगरानी :** बादल, भूमि, जल स्रोत और पर्यावरण में हो रहे बदलावों का अध्ययन करने में मदद मिलेगी।
- **जल संसाधनों की निगरानी :** नदियों, झीलों, जलाशयों और सूखे प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर नजर रखने में उपयोगी होगा।
- **शहरी विकास :** शहरों के फैलाव, नई सड़कों और निर्माण गतिविधियों की निगरानी तथा नियोजन में मदद मिल सकती है।
- **वास्तविक समय की तस्वीरें :** इसकी खासियत यह है कि तस्वीरें तेजी से उपलब्ध होंगी।

इस साल पहली बड़ी सफलता

करीब आठ महीने के अंतराल के बाद हुआ यह प्रक्षेपण इसरो के लिए इस साल की पहली बड़ी सफलता है। इससे पहले 12 जनवरी को पीएसएलवी-सी62 मिशन के तीसरे चरण में आई तकनीकी गड़बड़ी के कारण उपग्रहों को निर्धारित कक्षा में स्थापित नहीं किया जा सका था। शुक्रवार को बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग श्रीहरिकोटा में प्रक्षेपण देखने पहुंचे।

खबर संक्षेप

इंडिगो विमान 'पार्किंग' के दौरान पोल से भिड़ा

श्रीनगर। नवी मुंबई से श्रीनगर पहुंची इंडिगो की एक उड़ान 6ई 225 शुक्रवार सुबह 9:02 बजे श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंडिंग के बाद एक हादसे का शिकार होने से बच गई। पार्किंग के दौरान विमान विजुअल डॉकिंग गाइडेंस सिस्टम (वीडीजीएस) के पोल के संपर्क में आ गया। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं।

यूजीसी-नेटः एनटीए से जवाब तलब

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने अंग्रेजी विषय के लिए जून 2026 में आयोजित 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा' (यूजीसी-नेट) दोबारा कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है। अंग्रेजी और वाणिज्य विषय की परीक्षा नौ सितंबर को दोबारा आयोजित की जाएगी, जबकि समाज शास्त्र की परीक्षा 10 सितंबर को होगी।

अब सिंगर बलजीत कमरे में मृत मिले

लुधियाना। पंजाबी सिंगर और राइटर बलजीत सिंह लुधियाना के सुधार पट्टी धालीवाल गांव में अपने घर के अंदर मरे हुए पाए गए।

बलजीत सिंह अपने घर पर अकेले रहते थे और उनके परिवार को कई दिनों से उनके बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

होमगार्ड भ्रष्टाचार मामले की जांच तेज 18 और जवानों ने दर्ज करवाए बयान

पंचकूला (हरिभूमि न्यूज)। हरियाणा होमगार्ड विभाग में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच कर रही एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने जांच तेज कर दी है। तीसरे चरण में 18 और होमगार्ड जवानों ने एसीबी के सामने पेश होकर अपने बयान दर्ज कराए। जवानों के अनुसार अब तक करीब 50 कर्मी जांच एजेंसी के सामने गवाही दे चुके हैं। उसीबी ने विभाग से मामले से जुड़े मूल रिकॉर्ड और दस्तावेज भी तलब किए हैं। अब जवानों के बयानों में लगाए गए आरोपों का विभागीय फाइलों और रिकॉर्ड से मिलान किया जाएगा। इससे कथित अनियमितताओं और फर्जीवाड़े की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

अब मूल रिकॉर्ड से आरोपों का होगा मिलान

- **करीब 50 जवान दे चुके गवाही, गलत डिस्चार्ज-नए इनरोलमेंट और वेलफेयर फंड में गड़बड़ी के आरोप**

तीन प्रमुख मुद्दों पर जांच की मांग

- **गलत डिस्चार्ज और नए इनरोलमेंट :** पुराने जवानों को कथित तौर पर गलत तरीके से हटाने और उनकी जगह नए जवानों के इनरोलमेंट की जांच।
- **वेलफेयर फंड :** होमगार्ड वेलफेयर फंड में जमा राशि और उसके खर्च का पूरा हिसाब जांचने की मांग।
- **आरटीआई रिकॉर्ड:** आरटीआई के जरिए दी गई जानकारी का मूल विभागीय रिकॉर्ड से मिलान कराने की मांग।

कई जिलों से पहुंचे जवान

तीसरे चरण में जींद, अंबाला, फतेहाबाद, पलवल, कैथल और अन्य जिलों के जवान बयान दर्ज कराने पहुंचे। जवानों ने आरोपों से जुड़े दस्तावेज और अपनी शिकायतों के आधार पर जांच की मांग दोहराई।

'लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, पारदर्शिता के लिए'

होमगार्ड जवानों का नेतृत्व कर रहे कर्मबीर अलेवा ने कहा कि लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए है। अब आरोपों का फैसला जुबानी बयानों से नहीं, बल्कि मूल रिकॉर्ड और ठोस तथ्यों के आधार पर होना चाहिए। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

चीन-अमेरिका पर निर्भरता हमें भारी पड़ रही : ब्राजील

नई दिल्ली। बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने कहा कि यूरोप को अब आर्थिक निर्भरता का खतरा समझ आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोप को इस बारे में काफी पहले चेताया था। दिल्ली में सीआईआई के कार्यक्रम में उन्होंने कहा- दुनिया तेजी से बदल रही है, लेकिन यूरोप इस बदलाव के साथ कदम नहीं मिला पा रहा। वह बूढ़ा हो चुका है। वेवर के मुताबिक चीन और अमेरिका, यूरोप से बहुत आगे निकल चुके हैं। इनोवेशन और प्रोडक्टिविटी में यूरोप बहुत पीछे चला गया है, इसलिए उसे हर तरफ से झटके लग रहे हैं। वह खुद की भी हिफाजत नहीं कर सकता।

बेल्जियम पीएम बोले- मोदी ने चेताया था

प्रदर्शनकारियों पर पुलिस का बल प्रयोग परेशान करने वाला : न्यायमूर्ति भुइयां

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने शुक्रवार को कहा कि जंतर-मंतर पर विरोध कर रहे छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस द्वारा किया गया बल प्रयोग परेशान करने वाला और गंभीर चिंता का विषय है। न्यायमूर्ति भुइयां ने पूर्व सचिव (सुरक्षा) यशोवर्धन आजाद की लिखी किताब 'पुलिसिंग द रिपब्लिक' के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। यह कार्यक्रम राजधानी के वायसराय हॉल में आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा, ''जब हम भारतीय पुलिस सेवा के युवा अधिकारियों को खुद जाकर प्रदर्शनकारियों और आंदोलनकारियों पर बल प्रयोग करते हुए देखते हैं, तो हम सभी को बहुत निराशा होती है। यह देखना वाकई बहुत दुखद है। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा, ''पुलिस अधिकारियों से जिस तटस्थता की उम्मीद की जाती है, वह नदारद होती दिख रही है और यह वाकई गंभीर चिंता का विषय है।

दिल्ली हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

डीएनए से साबित नहीं होता संबंध सहमति से बने या फिर जबरदस्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि डीएनए जांच से किसी व्यक्ति का बच्चे का जैविक पिता होना और यौन संबंध बनना साबित हो सकता है, लेकिन इससे यह साबित नहीं होता कि संबंध सहमति से बने थे या जबरदस्ती। कोर्ट ने कहा कि डीएनए अपने आप में रेप का सबूत नहीं है। जस्टिस मधु जैन ने यह टिप्पणी उस अपील को खारिज करते हुए की, जो महिला ने एक व्यक्ति के बरी होने के खिलाफ दायर की थी। उस व्यक्ति पर महिला से बार-बार रेप करने, नशीला पदार्थ देने, अप्राकृतिक यौन कृत्य करने और धमकी देने के आरोप थे।

- **2017 में धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाए**

हाईकोर्ट ने फैसला बरकरार रखा

दिल्ली हाईकोर्ट ने द्वारका की कोर्ट का अक्टूबर 2024 का फैसला बरकरार रखा। द्वारका कोर्ट ने आरोपी को बरी कर दिया था। महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपी उसके परिवार को जानता था। उसने 2017 से धमकी देकर और बहला-फुसलाकर उसकी इच्छा के खिलाफ बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। एक बार आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ दिया और उसके बाद उसका यौन शोषण किया। इसके बाद जून 2019 में उसने एक बच्चे को जन्म दिया। डीएनए जांच से यह साबित हुआ कि आरोपी ही बच्चे का जैविक पिता है।

यह कहा कोर्ट ने

हाईकोर्ट ने कहा कि आरोप की गंभीरता आपराधिक मुकदमे में जरूरी सबूत की जगह नहीं ले सकती। अगर सबूत से बेगुनाही के पक्ष में भी जाता है, तो उसका लाभ आरोपी को देना होगा।

आईएएस मेधा की सैलरी से काटे जाएंगे पांच लाख रुपये

नोएडा। यहां के मजदूर आंदोलन से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले ने पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्रा व सामाजिक कार्यकर्ता आकृति चौधरी को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून यानी रासुका के तहत करीब 5महीने तक हिरासत में रखा गया था। अब हाईकोर्ट ने उनकी हिरासत को ही रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि आकृति को हिरासत में रखने के लिए पर्याप्त आधार सामने नहीं रखे गए। कोर्ट ने उन्हें 5 लाख मुआवजा देने का आदेश भी दिया है। इस रकम को गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम के वेतन से वसूलने का निर्देश चर्चा में है।

अमेरिकी राजदूत गोर बोले-अगले साल भारत आ सकते हैं यूएस राष्ट्रपति

भारत-अमेरिका की दोस्ती से जलते हैं कई देश, ट्रंप के पसंदीदा नेता मोदी

दिसंबर में जी-20 के दौरान दोनों की अलग मुलाकात संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों से कई दूसरे देश 'जलते' हैं। गोर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त मानते हैं और दिसंबर में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान जिन नेताओं से ट्रम्प मिलना चाहते हैं, उनमें मोदी का नाम सबसे ऊपर है। गोर ने कहा कि ट्रम्प और मोदी के बीच व्यक्तिगत रिश्ते अच्छे हैं। ऐसे में दिसंबर में फ्लोरिडा में होने वाले जी-20 सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं की अलग से मुलाकात संभव है। हालांकि, अभी द्विपक्षीय बैठक की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

अब भी वर्ष 2020 की भारत यात्रा को याद करते हैं

अमेरिकी राजदूत ने ट्रम्प के 2027 में भारत दौरे के संकेत भी दिए। उन्होंने कहा कि ट्रम्प वर्ष 2020 की भारत यात्रा को अब भी याद करते हैं। भारत की चर्चा होने पर वह भारतीय लोगों और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने रिश्तों का उल्लेख करते हैं। हालांकि, दौरे की तारीख या कार्यक्रम की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

दोनों देश व्यापार समझौते के करीब

भारत-अमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौते पर गोर ने कहा कि दोनों देश डील के काफी करीब हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इससे जुड़े कुछ मुद्दों पर दोबारा काम किया जा रहा है। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले कुछ महीनों में समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है। गोर के अनुसार भारत और अमेरिका के बीच मौजूदा व्यापार करीब 240 अरब डॉलर का है। दोनों देशों ने आने वाले वर्षों में इसे बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है।

खबर संक्षेप

पंक्चर वाले के साथ बदसलूकी पर दो पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

जींद। सफीदों में गुरुवार देर शाम को एक टायर पंक्चर लगाने वाले के साथ बदसलूकी करने पर पुलिस अधीक्षक ने वायरल वीडियो के आधार पर दो पुलिस कर्मचारियों को लाइन हाजिर कर दिया। इनमें एसपीओ रमेश व सिपाही बसंत को कार्रवाई हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार एक पीसीआर का वीरवार देर शाम को टायर पंक्चर हो गया था। सफीदों में टायर पंक्चर दुकान पर काम करने वाले राहुल के पास कर्मचारी पहुंचे। जब पुलिस कर्मचारियों ने टायर पंक्चर लगाने वाले से बात की तो उसने कहा कि उसकी अंगुली पर चोट लगी है और पंक्चर नहीं लगा सकता। आरोप है कि दोनों पुलिस कर्मियों ने उसके साथ हाथापाई की। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

गड्ढे में बाइक गिरने पर एसडीओ व एक्सईएन किए चार्जशीट

पानीपत। बरसत रोड स्थित सचदेवा गार्डन के सामने नगर निगम की ओर से खोदे गए बिना बैरिकेडिंग वाले गड्ढे में गुरुवार को बाइक पर सवार दो युवक गिर गए। मामला संज्ञान में आते ही नगर निगम कमिश्नर पंकज यादव ने कड़ा रुख अपनाते हुए एसडीओ और एक्सईएन को चार्शजीट कर दिया है। निर्माण कार्य का ठेका संभालने वाली कंपनी पर 10 लाख रुपये का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है। कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए ब्लैकलिस्ट की चेतावनी दी गई है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सिरसा का जवान जम्मू कश्मीर में शहीद, 10 दिन बाद आना था छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला के गांव कुत्ताबढ़ निवासी सुखचैन सिंह जम्मू-कश्मीर में शहीद हो गए हैं। उन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका पार्थिव शरीर शनिवार को पैतृक गांव पहुंचेगा जहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। मौसम खराब होने के कारण शुक्रवार को पार्थिव देह नहीं पहुंच पाई। सुखचैन सिंह जम्मू-कश्मीर के राजौरी में ड्यूटी पर थे। शहादत की सूचना मिलने पर रिश्तेदार व ग्रामीण उनके आवास पर पहुंचे। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।

गांव के सरपंच बेअंत सिंह ने बताया, इस दुख की घड़ी में पूरा गांव शहीद के परिवार के साथ है। शहीद सैनिक सुखचैन सिंह के भाई सरबजीत सिंह ने बताया कि करीब दो महीने पहले छुट्टी पर सुखचैन घर आए थे। बीते वीरवार को अपने बड़े भाई सुखचैन से बातचीत भी हुई थी और उस समय उन्होंने कहा था कि वे बिल्कुल ठीक हैं और दस दिन बाद घर छुट्टी लेकर आएंगे। सरबजीत ने बताया कि दस दिन बाद सुखचैन के बेटे आकाशदीप का जन्मदिन है और इसी वजह से उन्होंने घर आने की बात कही थी। दोपहर को सुखचैन सिंह के शहीद होने का पता चला। सेना के अधिकारी ने फोन पर उन्हें जानकारी देकर बताया कि सुखचैन अमर हो चुका है। उल्लेखनीय है कि शहीद सुखचैन सिंह 27 सितंबर 2015 को सेना में भर्ती हुए थे। उनकी उम्र करीब 30 साल थी। वे ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव कुत्ताबढ़ के रहने वाले थे। हाल ही में वे 59 इंजीनियरिंग रेजीमेंट राजौरी, कश्मीर में तैनात थे।

सफाई कर्मियों ने मुंडन करवा जताया रोष, एस्मा के बावजूद आज काम पर आने की उम्मीद कम

रोहतक। नगर निगम कार्यालय में सरकार के विरोध में मुंडन करवाते कर्मचारी।

रोहतक। नगर परिषद सफाई कर्मचारियों की 30 दिन से चल रही हड़ताल के दौरान कर्मचारियों का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। सरकार जॉब की गारंटी के साथ-साथ वेतन वृद्धि समेत अन्य मांगें मानने को तैयार है, लेकिन कर्मचारी पक्का करने की मांग पर अड़िग हैं। हड़ताल के दौरान ही पूरे प्रदेश में शुक्रवार को हड़ताली सफाई कर्मचारियों ने मुंडन करवाकर प्रतीकात्मक रूप से सरकार को 'मृत' मानकर शोक जताया। बता दें कि सरकार की ओर से सफाई के मुद्दे पर एस्मा लगाकर पांच सितंबर को हड़ताली कर्मचारियों को ड्यूटी पर लौटने की चेतावनी दी गई है। हालांकि इस चेतावनी का असर दिखाई नहीं दे रहा क्योंकि कर्मचारियों ने शनिवार को भाजपा कार्यालयों पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। ऐसे में सरकार की धमकियों व कार्रवाई का असर दिखाई नहीं दे रहा।

प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड में फूटा परिजनों का गुस्सा

सोनीपत से जाकर ग्रामीणों व परिजनों ने ढाई घंटे दिल्ली में लगाया जाम

- डीसीपी का आश्वासन-पुलिस की 50 टीमें जांच में लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली के नरेला में रोड जाम कर रहे लोगों का आश्वासन देते डीसीपी।

दिल्ली के नरेला में सोनीपत के नाहरी गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर प्रमोद (40) की हत्या के विरोध में शुक्रवार को परिजनों व ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने दिल्ली के नरेला में ढाई घंटे तक सड़कें जाम रखीं। ग्रामीण शुक्रवार दोपहर ट्रैक्टर-ट्राली लेकर कुंडली-सिंघु और नरेला-नाहरी रोड पर बैठ गए। गांव की सैकड़ों महिलाएं भी नरेला के मीर सिंह मार्केट के सामने ही सड़क पर बैठ गईं। दिल्ली के रोहिणी डीसीपी शशांक जायसवाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रमोद के बड़े भाई विनोद को गले लगाकर कार्रवाई का आश्वासन दिया और सड़क पर बैठकर ही परिजनों की बात सुनी। उन्होंने कहा कि हमारी 50 टीमें इस केस पर लगी हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़कर आपके सामने लाएंगे। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। बता दें कि गुरुवार को सोनीपत के नाहरी गांव निवासी प्रमोद की दिल्ली के नरेला में जिम के बाहर गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों को अनुसार, लगातार धमकियां मिलने के बाद प्रमोद ने अपनी डिफेंडर और एंडेवर कार को बुलेटप्रूफ करवाया था।

तीन साल से मिल रही थीं धमकियां

परिजनों का कहना है कि प्रमोद को करीब 3 साल पहले एक नामी गैंगस्टर से फिरौती के लिए धमकी भरा कॉल आया था। उस दौरान कुंडली थाना पुलिस को लिखित शिकायत भी दी गई थी, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और प्रमोद को कोई सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई। उन्होंने अपने स्तर पर सावधानी बरतनी शुरू की, लेकिन काम नहीं आई।

अंकित बाल्यान हत्याकांड : आरोपी ने दो और मर्डर की दी चेतावनी

सोनीपत। हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान हत्याकांड में आरोपी शूटर सत्यम का वीडियो सामने आया है। इसमें उसने दो और मर्डर करने की चेतावनी दी है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने अंकित के परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी है। साथ ही वीडियो की सत्यता और इसे पोस्ट करने वाले की पहचान की जांच शुरू कर दी गई है। अंकित हत्याकांड के दो शूटरों सुमित (24) और मोहित (22) को यूपी पुलिस ने चार दिन पहले मुठभेड़ में मार गिराया था। वहीं, दो आरोपी सत्यम और आर्यन अब भी फरार हैं। दोनों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम है। 26 अगस्त की शाम शामली में जिम से बाहर निकलते समय अंकित बालियान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

मासूम शर्मा अंकित के परिवार से घर जाकर मिले

हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान मर्डर केस में आरोपों के बाद गायक मासूम शर्मा शुक्रवार को यूपी के शामली स्थित बंतीखेड़ा गांव में उनके परिवार से मिलने पहुंचे। दरअसल, अंकित बालियान के पिता सतबीर सिंह व पत्नी सीमा ने आरोप लगाए थे कि अंकित के साथी कलाकार मासूम शर्मा ने न उनके पास फोन किया और न ही वह शोक जताने आया। वहीं, मासूम शर्मा ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि खतरा की तो क्या बात करे, थेट दिन में आम हो रही है।

स्कूल में एसएलसी लेने आने पर खुला राज

एसआईआर ने 35 साल से बिछड़े भाई मिलवाए

- बीएलओ ने दूसरे भाई को फोन कर दी जानकारी, दोनों गले लगकर रोए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसआईआर के दौरान राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनोहरपुर में एक ऐसा भावुक प्रसंग सामने आया, जिसने वहां मौजूद लोगों की आंखें नम कर दीं। करीब 35 वर्षों से बिछड़े दो भाइयों का पुनर्मिलन एक सामान्य सत्यापन प्रक्रिया के दौरान हुआ। जानकारी के अनुसार, सीता राम अपना एसएलसी लेने के लिए विद्यालय पहुंचे थे। बातचीत के दौरान मौके पर मौजूद बीएलओ ने उनसे उनके गांव, पिता और भाई का नाम पूछा। भाई का नाम सामने आने पर बीएलओ ने सत्यापन के लिए फोन के माध्यम से संपर्क किया। फोन पर भाई ने सीता राम की पहचान करते हुए कहा कि वह मेरा ही भाई है। मैं उसे पिछले 35 साल से ढूंढ रहा हूं। यह जानकारी मिलते ही उनका भाई तत्काल विद्यालय पहुंचा। दोनों भाइयों ने जैसे ही एक-दूसरे को देखा, वे भावुक होकर गले मिल गए और फूट-फूट रो पड़े। वर्षों का बिछोह कुछ ही पलों में खत्म हो गया और विद्यालय परिसर में भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मौके पर मौजूद एडिशनल एईआरओ डॉ. रमेश कुमार ने इस भावुक मिलन को अपने लिए एक यादगार अनुभव बताया।

उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक प्रशासनिक सत्यापन तक सीमित नहीं रही बल्कि मानवीय रिश्तों को जोड़ने का माध्यम बन गई। उन्होंने कहा कि बीएलओ की सजगता और एक छोटे से सत्यापन ने वर्षों से बिछड़े दोनों भाइयों को फिर से मिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

16 फर्जी मरीज दिखा 8.80 लाख क्लेम हड़पा

- सफीदों के डॉक्टरों ने 8 और फाइल लगाई तो हुआ शक

जींद (हरिभूमि न्यूज)। सफीदों के अस्पताल संचालक द्वारा फर्जी मरीजों की फाइल बनाकर बीमा क्लेम राशि आठ लाख 88 हजार रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बीमा कंपनी के चीफ मैनेजर महक परमनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सफीदों में हेल्थ केयर अस्पताल चलाने वाले डॉ. रविंद्रनाथ उनकी कपंनी के पैनल में है। जिसने आठ फर्जी मरीजों को अस्पताल में इलाज करवाने की फाइल तैयार कर कंपनी के पास बीमा पॉलिसी का लाभ देने के लिए भेजी। आरोपित ने 16 मेडिक्लेम फाइल लगाकर कपंनी से आठ लाख 88 हजार रुपये पास करवा लिए। जिस पर कंपनी को अस्पताल संचालक पर संदेह हुआ और जिसकी कपंनी द्वारा रिवर्स जांच की गई। जांच के दौरान फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ।

अतिक्रमण हटाने गई टीम पर पथराव

- मानेसर नगर निगम के 2 कर्मचारी पत्थर लगने से चोटिल, सरकारी गाड़ियों के शीशे भी टूटे

गुरुग्राम। मानेसर नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम पर गुरुवार देर शाम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान रेहड़ी-पटरी वालों ने अचानक पथराव कर दिया। गांव अलीयर-बास्कुशला स्थित शंकर की ढाणी के पास मुख्य मार्ग पर टीम अवैध मार्केट को हटाने गई थी। ड्यूटी मजिस्ट्रेट एसडीओ विकास शर्मा के नेतृत्व में जेई देविंदर और मंदीप समेत पूरी टीम ने कार्रवाई शुरू की थी। इस झड़प में नगर निगम के 2 कर्मचारी चोटिल हो गए, जबकि अधिकारियों की गाड़ियों के शीशे भी टूट गए। कर्मचारियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटना के तुरंत बाद घायल कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार और मेडिकल लीगल रिपोर्ट कटवाने के लिए अस्पताल ले जाया गया। नगर निगम के अधिकारियों की ओर से थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

फरीदाबाद में मृत गायों से भरी पिकअप पकड़ी

फरीदाबाद। सेक्टर-19 में बड़खल रोड पर देर रात उस समय हंगामा हो गया, जब गो-रक्षा दल के सदस्यों ने मृत गायों को लेकर जा रही एक पिकअप गाड़ी को रोक लिया। गाड़ी में 4 मृत गाय मिलीं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गाड़ी की जांच शुरू की। इसमें 4 मृत गाय मिलीं। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी ड्राइवर से पूछताछ शुरू की। गोरक्षकों ने आरोप लगाए कि इन गायों को बेचने के लिए ले जा रहे हैं। वहीं, पिकअप ड्राइवर राजू ने कहा कि वह चारों मृत गायों को दिल्ली के गाजीपुर स्थित पशुओं के श्मशान में अंतिम संस्कार के लिए लेकर जा रहा था।

राशिफल

मेष — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

सिंह — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कन्या — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

तुला — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृश्चिक — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

धनु — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

मकर — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

कुंभ — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

मीन — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

स्कूल में लेट आने पर सफाई की सजा दी मना करने पर प्रधानाचार्य ने मारा थप्पड़

- पुलिस ने जांच के बाद आरोपी प्रधानाचार्य पर केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर जगाधरी के झंडा चौक स्थित गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक विद्यार्थी 10 मिनट लेट आया तो प्रधानाचार्य द्वारा उसे दंड के रूप में मैदान की सफाई करने की सजा दी गई। विद्यार्थी द्वारा सफाई करने से मना करने पर प्रधानाचार्य द्वारा उसे थप्पड़ मारने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद प्रधानाचार्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, ब्राह्मण चौक जगाधरी निवासी शशिधर ने शहर जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का कृष्णा झंडा चौक जगाधरी स्थित गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ता है। 30 अगस्त को उसका बेटा स्कूल में करीब 10 मिनट लेट पहुंचा, जिस पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने उसके बेटे को दंड स्वरूप मैदान की सफाई व कूड़ा उठाने की सजा दी। जब उसके लड़के ने सफाई करने से मना किया तो प्रधानाचार्य ने उसके दोनों कानों पर थप्पड़ मारे। जिससे उसका लड़का कृष्णा घायल हो गया। उसके लड़के ने घर जाकर घटना के बारे में बताया। उसने इस बारे प्रधानाचार्य से बात की मगर उसने उल्टा उसके बेटे को ही कसूरवार ठहराया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद प्रधानाचार्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, मामले की जांच कर रहे एसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी प्रधानाचार्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

नूंह में तेंदुए का शव मिलने से हड़कंप, विभाग जांच में जुटा

कासिम खान ▶▶| नूंह



जिले के अरावली क्षेत्र से सटे पलड़ी गांव में गुरुवार सुबह एक तेंदुए का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन्य जीव विभाग और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। विभाग ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। वन्य जीव विभाग के निरीक्षक राकेश कुमार के अनुसार सुबह गांव की एक महिला कब्रिस्तान के पास पहुंची थी, जहां उसने अरावली की तलहटी में तेंदुए को मृत देखा। प्राथमिक जांच में तेंदुए के शरीर पर बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। मृत तेंदुआ लगभग तीन वर्ष का था और वह स्वस्थ प्रतीत हो रहा था। ऐसे में उसकी मौत को गंभीरता से लिया जा रहा है।

कबाड़ नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला सीहा तथा इसके साथ लगते खंडहर में पड़े कबाड़ की 'जो है, जहां है, जैसा है' आधार पर नीलामी विभागीय आदेशों के अनुपालना में अधोलिखित प्रारूप अनुसार प्रस्तावित है, जिसमें बोली के नियम व शर्तें मौके पर ही बताए जाएंगे। ग्राम पंचायत की सरपंच, स्कूल प्रबंधन समिति तथा दोनों विद्यालयों से बनाई गई समिति की देखरेख में सभी निर्णय लिए जाएंगे। बोली दाता को बोली से पहले सिक्योरिटी तथा बोली के तुरंत बाद संबंधित राशि समिति के पास जमा करानी होगी। इच्छुक बोली दाता अधोलिखित प्रारूप अनुसार संपर्क कर सकते हैं-
बोली तिथि : मंगलवार, 8 सितंबर, 2026
बोली समय : 10:00 बजे
स्थान : राजकीय प्राथमिक पाठशाला सीहा (रेवाड़ी)
इस संदर्भ में अन्य संबंधित अधिक जानकारी के लिए विद्यालय मुखिया श्रीमती सुमित्रा देवी (9466677596) से संपर्क कर सकते हैं।

शब्द पहेली - 6338



बाएँ से दाएँ
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

ऊपर से नीचे
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

शब्द पहेली- 6337 का हल

अ	ना	द	र	णी	य	■	प्र	क्षे	प	क
सं	ग	■	वे	■	कृ	पा	ण	■	र	म
वै	■	अ	दा	व	त	■	य	हां	■	जो
धा	रा	दा	र	■	■	अ	■	का	त	र
नि	■	व	■	प्र	क्षा	ल	न	■	म	■
क	म	त	र	ता	■	सा	ग	र	गा	मी
■	लि	■	स	र	मा	या	■	द	■	न
बे	का	बू	■	णा	■	■	व	न	वा	सी
क	■	आ	स	■	अ	द	र	क	■	लै
द	म	■	ब	हा	र	■	दा	■	ता	व
र	सा	त	ल	■	ज	ही	न	कु	श	ल



खबर संक्षेप

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 740.80 अरब डॉलर पहुंचा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 11.47 अरब डॉलर उछलकर 740.80 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसके एक सप्ताह पहले भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 12.42 अरब डॉलर बढ़कर 729.39 अरब डॉलर रहा था जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड था।

रुपया आठ पैसे मजबूत होकर 94.43 पर बंद

मुंबई (भाषा)। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपये में लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे मजबूत होकर 94.43 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी प्रवाह बढ़ने और जोखिम लेने की धारणा में सुधार से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, मजबूत विदेशी पूंजी प्रवाह और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से रुपये में मजबूती बने रहने की संभावना है।

करमतारा का 875 करोड़ का आईपीओ नौ सितंबर को

Karamtara Engineering Pvt. Ltd

नई दिल्ली। नवीकरणीय ऊर्जा और बिजली पारेषण क्षेत्रों के लिए इंजीनियरिंग इस्पात उत्पाद बनाने वाली कंपनी करमतारा इंजीनियरिंग लिमिटेड नौ सितंबर को 875 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने जा रही है। कंपनी ने शुक्रवार को सार्वजनिक घोषणा में कहा कि आईपीओ के लिए 241-254 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया है।

मणिपाल पेमेंट का आईपीओ नौ सितंबर को खुलेगा

Manipal Payment and Identity Solutions

नई दिल्ली। मणिपाल पेमेंट एंड आइडेंटिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने शुक्रवार को अपने 805 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए प्रति शेयर 322-339 रुपये का मूल्य दायरा तय किया। कंपनी का आईपीओ नौ सितंबर को अभिदान के लिए खुलेगा और 11 सितंबर को बंद होगा। एंकर (बडे.) निवेशक आठ सितंबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे।

एलसीसी प्रोजेक्ट्स का आईपीओ नौ सितंबर को

नई दिल्ली। एलसीसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 139-146 रुपये प्रति शेयर शुक्रवार को तय किया। कंपनी ने बताया कि 427 करोड़ रुपये का उसका आईपीओ बोली के लिए नौ सितंबर को खुलेगा और 11 सितंबर को बंद होगा।

एडोब ने चक्रवर्ती को नया सीईओ किया नियुक्त

वाशिंगटन। अमेरिकी सॉफ्टवेयर कंपनी एडोब ने अनिल चक्रवर्ती को अपना नया अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया है। कंपनी के अनुसार, चक्रवर्ती एक दिसंबर से पद संभालेंगे और 18 साल से अधिक समय तक कंपनी का नेतृत्व करने वाले शांतनु नारायण का स्थान लेंगे। नारायण अब कार्यकारी चेयरमैन की जिम्मेदारी संभालेंगे। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र चक्रवर्ती फिलहाल एडोब के ग्राहक अनुभव प्रबंधन कारोबार और वैश्विक बिक्री परिचालन के अध्यक्ष हैं।

अब बाल मजदूरी से शोषण का शिकार नहीं होंगे 3 हजार से ज्यादा बच्चे, एनसीपीसीआर ने दिलाई आजादी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने देशभर से 3 हजार 800 से ज्यादा बच्चों को बाल मजदूरी से होने वाले उनके शोषण से हमेशा-हमेशा के लिए मुक्ति दिलाई है। 12 जून 2026 से 31 अगस्त 2026 तक आयोग ने एक विशेष अखिल भारतीय बचाव और पुनर्वास अभियान चलाया था। जिसके तहत उसे यह बड़ी सफलता हाथ लगी है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान एनसीपीसीआर ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर न केवल मासूम बच्चों के जीवन में पड़ी हुई बाल मजदूरी की बेड़ियों को तोड़ा है। बल्कि 575 से अधिक प्राथमिकियां यानी एफआरआई भी दर्ज कराई हैं।

- 575 से अधिक एफआरआई भी दर्ज कराई

इस साल जून से अगस्त महीने तक देशभर में चलाया गया विशेष अभियान

यूं आगे बढ़ा अभियान

इस पूरी प्रक्रिया की शुरुआत में जून महीने में एनसीपीसीआर ने बाल मजदूरी में लगे बच्चों, तस्करी और शोषण के शिकार बच्चों की पहचान करके उनके बचाव और पुनर्वास के काम में तेजी लाने के लिए राज्यों की सरकारों के अलावा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया था। जिसमें स्थानीय प्रशासन, जिलाधिकारियों, श्रम विभागों, पुलिस अधिकारी व अन्य संबंधित पक्षों को शामिल किया गया। सभी को आयोग की तरफ से सख्त निर्देश दिए गए कि वो बाल मजदूरी और तस्करी वाले स्थानों पर गहन और लक्षित अभियान चलाएं। इसके अलावा उन्हें अभियान के दौरान बचाए गए बच्चों, दर्ज एफआईआर, पुनर्वास, पुनर्स्थापना, मुख्यधारा में शिक्षा से जोड़ने, मुआवजे तथा अन्य फॉलोअप उपायों के बारे में नियमित डेटा उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया।

जिला स्तरीय बैठकें, सोशल मीडिया का समावेश

मंत्रालय के मुताबिक, अभियान के दौरान कार्यान्वयन की निगरानी करने, क्षेत्रीय स्तर पर आने वाली समस्याओं का समाधान करने के लिए एनसीपीसीआर ने जिला प्रशासन के साथ बैठकें की थी। जिनका उद्देश्य बचाव अभियानों की समीक्षा करना, परिचालन से जुड़ी दिक्कतों को दूर करना, समयबद्ध तरीके से कार्रवाई रिपोर्ट का जमा होना और तमाम विभागों, एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत बनाना था। इसके अलावा आयोग ने सोशल मीडिया, अन्य संचार माध्यमों के जरिए जागरूकता, जनसंपर्क अभियान भी चलाया। जिसके जरिए मौजूदा अभियान, बाल श्रम की रिपोर्टिंग करने, बचाव के बाद बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा से जोड़ने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

यह देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है

एनएसई के 30,000 करोड़ रुपये के आईपीओ का रास्ता साफ, सेबी की मिली मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को करीब 30,000 करोड़ रुपये के बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाइट पर शुक्रवार को उपलब्ध जानकारी के अनुसार, नियामक ने एनएसई को आईपीओ प्रस्ताव पर आगे बढ़ने के लिए मंजूरी दे दी है।

एनएसई का आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा। इसमें मौजूदा शेयरधारक करीब छह प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 14.89 करोड़ शेयर बेचेंगे। ओएफएस होने की वजह से इससे जुटाई गई राशि एनएसई को नहीं, बल्कि शेयर बेचने वाले मौजूदा निवेशकों को मिलेगी।

निर्गम 15 सितंबर को खुलने की संभावना

मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार, एनएसई अगले सप्ताह आईपीओ के लिए मूल्य दायरा और अन्य प्रमुख विवरण घोषित कर सकता है। इस निर्गम के 15 सितंबर को खुलने और 24-25 सितंबर को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की संभावना है। करीब 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की स्थिति में एनएसई अक्टूबर 2024 में आए हुंडई मोटर इंडिया के 27,858.75 करोड़ रुपये के आईपीओ का रिकॉर्ड पीछे छोड़ देगा।

सेबी ने मंजूरी लंबे समय तक रोक दी थी

एनएसई के आईपीओ तक पहुंचने का सफर लंबा रहा है। इसने 2016 में पहली बार ओएफएस के जरिये करीब 10,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए मसौदा दस्तावेज दाखिल किए थे। लेकिन नियामकीय खामियों और को-लोकेशन मामले से जुड़ी चिंताओं के चलते सेबी ने इसकी मंजूरी लंबे समय तक रोक दी थी।

एसबीआई 2.48 करोड़ तक शेयर बेचेगा

मसौदा दस्तावेज के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) आईपीओ में 2.48 करोड़ तक शेयर बेचेगा, जबकि एमएस स्ट्रैटेजिक (मॉरीशस) लिमिटेड 1.60 करोड़ शेयरों की बिक्री करेगी। एसबीआई की एनएसई में 3.23 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि उसकी अनुषंगी एसबीआई कैपिटल मार्केट्स के पास 4.33 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

- एनएसई का आईपीओ पूरी तरह ओएफएस पर आधारित होगा
- मौजूदा शेयरधारक करीब 14.89 करोड़ शेयर बेचेंगे
- जुटाई गई राशि एनएसई को नहीं शेयर बेचने वाले निवेशकों को मिलेगी

टक्कर जियो प्लेटफॉर्म्स के निर्गम से होगा

सबसे बड़े आईपीओ के तमगे के लिए इसकी टक्कर रिलायंस की डिजिटल सेवा इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के प्रस्तावित निर्गम से होगी। जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ का आकार करीब 37,700 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, लेकिन इसके आने का समय अभी घोषित नहीं हुआ है।

एलआईसी कोई भी शेयर नहीं बेचेगी

हालांकि, एनएसई की सबसे बड़ी शेयरधारक कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अपनी 10.72 प्रतिशत हिस्सेदारी में से कोई भी शेयर नहीं बेचेगी। एनएसई के निदेशक मंडल ने इस साल छह फरवरी को आईपीओ लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इससे पहले एक्सचेंज को सेबी से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) मिल गया था।

एलआईसी, पेटीएम, टाटा कैपिटल और कोल इंडिया से बड़ा होगा

एनएसई का आईपीओ 2022 में आए एलआईसी के 20,557.23 करोड़ रुपये के निर्गम के अलावा 2021 में आए पेटीएम के 18,300 करोड़ रुपये, 2025 में आए टाटा कैपिटल के 15,511.87 करोड़ रुपये और 2010 में आए कोल इंडिया के 15,200 करोड़ रुपये के आईपीओ से भी बड़ा होगा। करीब एक दशक की नियामकीय अड़चनों के बाद आने वाला यह आईपीओ एनएसई को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से भारत की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में शामिल कर सकता है।

किआ इंडिया ने प्रीमियम एसयूवी 'सोरेंटो' पेश की

- कंपनी का हाइब्रिड प्रौद्योगिकी पर रहेगा खास जोर
- सोरेंटो की कीमत 27.99 लाख से 40.39 लाख रुपए के बीच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता किआ इंडिया टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के साथ हाइब्रिड और सीएनजी जैसी विभिन्न प्रौद्योगिकियों को अपनाएगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ग्वांगगु ली ने शुक्रवार को यह बात कही। ली ने कहा कि आने वाले समय में हाइब्रिड वाहन उसके उत्पाद पोर्टफोलियो का महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे। उन्होंने किआ इंडिया के सात सीट वाले प्रीमियम एसयूवी मॉडल 'सोरेंटो' को पेश किए जाने के संदर्भ में यह बात कही। कंपनी ने इस मॉडल को स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड और डीजल इंजन विकल्पों में पेश किया है। सोरेंटो की कीमत 27.99 लाख रुपये से 40.39 लाख रुपये के बीच है। ली ने कहा कि दुनियाभर के वाहन उद्योग में बदलाव आया है और अलग-अलग बाजारों ने अलग-अलग रास्ते अपनाए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में हाइब्रिड वाहनों की मांग मजबूत है, जबकि यूरोपीय संघ में ईवी को अधिक पसंद किया जा रहा है।

किआ ने कई तरह के पावर ट्रेन किए पेश : चीन में भी अलग रुझान देखने को मिल रहा है। भारत में ईंधन प्रौद्योगिकियों को लेकर कंपनी की रणनीति के बारे में पूछे जाने पर ली ने कहा, /"कंपनी को बाजार में बदलाव के अनुरूप तेजी से और पहले से तैयारी करनी होगी।

हाइब्रिड वाहनों के लिए प्रोत्साहन से किया इंकार

ली ने हाइब्रिड वाहनों के लिए सरकार से कर प्रोत्साहन जैसे समर्थन की जरूरत से इनकार किया। उन्होंने कहा कि सरकार को ईवी का समर्थन करना चाहिए, लेकिन हाइब्रिड वाहनों के लिए सरकारी समर्थन के बिना भी काम चल सकता है। ली ने कंपनी के 'सॉनेट' और 'सेल्टोस' जैसे मॉडल में हाइब्रिड प्रौद्योगिकी लाने की संभावना से इनकार किया।

सोना 1,400 रुपये मजबूत, चांदी स्थिर

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और यह 1,400 रुपये बढ़कर लगभग 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद भाव 1,59,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1,400 रुपये बढ़कर 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। हालांकि, चांदी की कीमत 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

कारोबारियों ने कहा कि सोने की कीमत में यह वृद्धि घरेलू सर्राफा बाजार में खरीदारी की मजबूत दिलचस्पी के कारण हुई, जबकि निवेशक महत्वपूर्ण वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से पहले सतर्क रुख अपना रहे थे। इन आंकड़ों का असर ब्याज दर की दिशा और कीमती धातुओं के भविष्य पर पड़ सकता है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. में संपत्ति प्रबंधन मामलों के शोध प्रमुख, सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि घरेलू चांदी की कीमत जनवरी के चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक के उच्चतम स्तर से 40 प्रतिशत से अधिक टूटकर लगभग 2.3 लाख-2.4 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई हैं। लेकिन निवेश की मांग कम बनी हुई है, जिससे डीलरों के पास मौजूद स्टॉक को लेकर चिंता बढ़ रही है। उन्होंने कहा, ''अगर मांग में सुधार नहीं होता है, तो भारतीय डीलर के लगभग 2,000 टन चांदी के ऑर्डर से स्टॉक का बोझ और बढ़ सकता है।''

आरबीआई ने ट्रांसयूनियन सिबिल समेत पांच कंपनियों पर लगाया जुर्माना

मुंबई (भाषा)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियमों का उल्लंघन किए जाने के मामले में पांच कंपनियों पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरबीआई की अधिसूचना के अनुसार, ट्रांसयूनियन सिबिल पर 26,82,800 रुपये, सीआरआईएफ हाई मार्क क्रेडिट इन्फॉर्मेशन सर्विसेज पर 6,89,600 रुपये, इक्विफैक्स क्रेडिट इन्फॉर्मेशन सर्विसेज पर 1,19,400 रुपये, सम्मान फिनसर्व पर 4.20 लाख रुपये और हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस पर 6.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि ट्रांसयूनियन सिबिल, सीआरआईएफ हाई मार्क क्रेडिट इन्फॉर्मेशन सर्विसेज और इक्विफैक्स क्रेडिट इन्फॉर्मेशन सर्विसेज निर्धारित अवधि के भीतर कुछ पात्र शिकायतकर्ताओं के बैंक खातों में मुआवजे की राशि जमा करने में विफल रहीं। इस उल्लंघन के लिए उनपर जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा, सम्मान फिनसर्व ने अपने कर्जदार की ऋण संबंधी जानकारी सेंट्रल रिपॉजिटरी ऑफ इंफॉर्मेशन ऑन लार्ज क्रेडिट्स (सीआरआईएलसी) को नहीं दी थी। आरबीआई ने कहा कि हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस ने सूक्ष्म वित्त ऋणों के मूल्य निर्धारण को लेकर बोर्ड से मंजूर नीति लागू नहीं की थी।

नासा सेमिटश्योर ओलिंपियाड विजिट के लिए चयनित छात्र उत्साहित

- बोले-सपने के सच होने जैसा है मौका

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 'पात्र विनिर्माता आयातक' (ईएमआई) योजना के तहत नामांकन के लिए कारोबारियों द्वारा दिए जाने वाले आंकड़ों और दस्तावेजों की जरूरत में उल्लेखनीय कटौती की है। सीबीआईसी ने एक परिपत्र में कहा कि इस योजना के तहत नामांकन के लिए दस्तावेजों की जरूरत संबंधी संशोधित प्रक्रिया 15 सितंबर से प्रभावी हो जाएगी। ईएमआई योजना का उद्देश्य कारोबार सुगमता बढ़ाना, अनुपालन संस्कृति को मजबूत करना और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है। वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में विश्वसनीय विनिर्माताओं को सुविधा देने के लिए आयातकों की नई श्रेणी 'पात्र विनिर्माता आयातक' (ईएमआई) के लिए सीमा शुल्क के स्थगित भुगतान की सुविधा शुरू की गई थी।इसके तहत पात्र आयातक आयातित माल को सीमा शुल्क का भुगतान किए बिना ही छुड़ा सकेंगे। माल पर लागू शुल्क का भुगतान 2016 के आयात शुल्क के स्थगित भुगतान नियमों के तहत निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप मासिक आधार पर किया जा सकेगा। इससे विनिर्माताओं को नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी। यह सुविधा एक अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2028 तक उपलब्ध है। सीबीआईसी ने कहा, कि "इन बदलावों के साथ संभावित ईएमआई आवेदक के लिए आंकड़ों और दस्तावेजों से जुड़ी जरूरतें काफी कम हो गई हैं। साथ ही, संबंधित सूचना का सत्यापन उपयुक्त सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों के जरिये किया जा सकेगा।"

मस्क ने बिना स्टीयरिंग व्हील वाली टैक्सी सेवा शुरू की

- टेक्सास के ऑस्टिन की सड़कों पर साइबरकैब्स उतारीं
- यात्रियों के पास नियंत्रण हाथ में लेने का कोई साधन नहीं होगा

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

एलन मस्क ने टेक्सास के ऑस्टिन की सड़कों पर बिना स्टीयरिंग व्हील या ब्रेक पेडल वाली दर्जनों अपने आप चलने वाली 'साइबरकैब्स' उतारीं। उन्होंने इस उम्मीद के साथ यह दांव लगाया है कि अमेरिकी यात्री आपात स्थिति में 'कोई नियंत्रण न होने' के डर से उबरकर इसमें सवारी करेंगे।

सुनहरे रंग की इन टेस्ला कारों की शुरुआत ऐसे समय में हुई है जब कंपनी अन्य शहरों में भी इस सेवा को शुरू करने की तैयारी कर रही है। इन टैक्सियों में यात्रियों के पास आपात स्थिति में नियंत्रण अपने हाथ में लेने का कोई साधन नहीं होता है। वाहनों की बिक्री में आई गिरावट के बीच टेस्ला के शेयरों को नुकसान उठाना पड़ा था, लेकिन बृहस्पतिवार को इसमें पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। यह उछाल इस उम्मीद में दिखा कि भविष्य की तकनीक जैसी दिखने वाली ये टैक्सियां तेजी से लोकप्रिय होंगी। इस पेशकश से पहले टेस्ला ने 'एक्स' पर लिखा, ''कोई स्टीयरिंग व्हील नहीं, कोई ब्रेक पेडल नहीं।'' अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मस्क कितनी जल्दी साइबरकैब सेवा का व्यापक विस्तार करने का इरादा रखते हैं, लेकिन उन्हें तेजी से कदम उठाने की जरूरत है। सड़कों पर उतारी गई टैक्सियों की संख्या और पूरी की गई यात्राओं के मामले में टेस्ला अपने आप चलने वाली टैक्सी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी 'वेमो' से पीछे है।

वेमो व जूक्स कैमरों के साथ रडार व लेजर का करते हैं उपयोग : बराबरी करने के लिए टेस्ला को यह साबित करना होगा कि उसकी केवल कैमरों पर आधारित प्रणाली सड़कों पर सुरक्षित रूप से चल सकती है और पैदल चलने वालों को बचा सकती है।

यात्री बहुत कम सहज महसूस करते हैं

भले ही टेस्ला की तकनीक अच्छी तरह से काम करे, फिर भी अमेरिकी यात्रियों को भरोसा दिलाना बाकी है। फरवरी में किए गए 'प्यू रिसर्च सेंटर' के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 10 में सात अमेरिकी वयस्क बिना चालक वाली कार में सवारी करने में बिल्कुल सहज नहीं या बहुत कम सहज महसूस करते हैं।

शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 363 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच धातु, निजी बैंक और तेल एवं गैस कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार चार दिन की गिरावट से उबरकर तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 363 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में बढ़त सीमित रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 362.57 अंक बढ़कर 76,515.43 अंक पर बंद हुआ। इसके 20 शेयर लाभ में, जबकि 10 नुकसान में रहे। सेंसेक्स 730.28 अंक तक चढ़कर 76,883.14 अंक के ऊपरी स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 24.25 अंक बढ़कर 23,897.70 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तत्काल ब्याज दर बढ़ाने की आशंका कम होने से भारतीय शेयर बाजार में राहत भरी तेजी आई। ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली और पश्चिम एशिया में तनाव जारी रहने से बढ़त सीमित रही। घरेलू बाजार में शेयर और क्षेत्र आधारित खरीदारी जारी रही तथा छोटी कंपनियों के शेयरों के सूचकांक कारोबार के दौरान अपने अब तक के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।



- निफ्टी भी लाभ में, वैश्विक बाजार रहे मजबूत
- धातु, निजी बैंक व तेल-गैस के शेयरों में रही खरीदारी

दुनिया की बड़ी कार कंपनी ने कॉस्ट-कटिंग प्लान किया मंजूर

मंदी का विस्फोट! फॉक्सवेगन करेगा 1 लाख कर्मचारियों की छंटनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया की बड़ी कार कंपनियों में शामिल फॉक्सवैगन ने बड़ा कॉस्ट-कटिंग प्लान मंजूर किया है। कंपनी के बोर्ड ने करीब 50,000 नौकरियों में कटौती की योजना को मंजूरी दे दी है।

- जर्मनी में मौजूद चार बड़े प्लांट्स में गाड़ी प्रोडक्शन बंद करने की तैयारी

इसके साथ ही जर्मनी में मौजूद चार बड़े प्लांट्स में गाड़ी प्रोडक्शन बंद करने की तैयारी है। यानी कि कंपनी के मौजूदा पुनर्गठन के तहत टोटल 1 लाख पद कम किए जाएंगे। फॉक्सवैगन इस समय कई तरह की चुनौतियों से जूझ रही है। खासकर चीन के बाजार में सस्ती कार बनाने वाली कंपनियों से उसे कड़ा कॉम्पोटिशन मिल रहा है।

चार जर्मन प्लांट्स पर संकट

कंपनी के नए प्लान में जर्मनी के चार प्लांट्स में गाड़ियों के प्रोडक्शन को बंद करने की बात है। इनमें एम्डेन, ज़्विकाउ, हनोवर और नेकार्सुल्म शामिल हैं। फॉक्सवैगन यूरोप में अपनी प्रोडक्शन क्षमता को भी कम करना चाहती है। यह पहली बार होगा जब फॉक्सवैगन ने अपने ही देश में पूरी तरह से काम करने वाली फैक्ट्रियां बंद की होंगी। 2012 से ज़्विकौ प्लांट में काम कर रहे मार्टिन लेहमैन ने बताया कि अगर यह प्लांट सच में बंद हो जाता है, तो नक्शे पर एक बड़ा काला धब्बा लगा सकता है। यह प्लांट और इससे जुड़ी बाहरी नौकरियां, हमारे सप्लायर-ये सब पूरे इलाके की अर्थव्यवस्था की जान हैं।



पहले भी हुई थी छंटनी? : ये पहली बार नहीं है जब फॉक्सवैगन ने बड़े पैमाने पर नौकरी घटाने का फैसला लिया है। इससे पहले कंपनी ने 50,000 नौकरियों में कटौती पर सहमति बनाई थी। अब नई 50,000 कटौती को जोड़ने पर पुनर्गठन के तहत कुल 1 लाख नौकरियां कम हो सकती हैं। कंपनी का ये कदम ऑटो इंडस्ट्री में तेजी से बदल रहे माहौल को दिखाता है, जहां चीनी कंपनियों से बढ़ता कॉम्पिटिशन, मांग में कमी, टैरिफ और ज्यादा प्रोडक्शन क्षमता जैसी चुनौतियां बड़ी कार कंपनियों पर दबाव बढ़ा रही हैं।

इसके अलावा अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ और यूरोप में प्रोडक्शन कैपेसिटी जरूरत से ज्यादा होना भी कंपनी के लिए परेशानी बढ़ा रहा है। इन्हीं चुनौतियों के बीच कंपनी ने लागत कम करने और अपने कारोबार को और बड़ा बनाने के लिए ये बड़ा फैसला लिया है।

कारों के मॉडल भी होंगे कम

नौकरियों और प्लांट्स में बदलाव के साथ कंपनी अपने मॉडल लाइनअप को भी छोटा करने की तैयारी में है। फॉक्सवैगन का प्लान अपने कार मॉडल्स की संख्या को करीब आधा करने की है। इसका मकसद कम लेकिन ज्यादा बिकने वाले मॉडल्स पर फोकस करना और उत्पादन लागत घटाना है। फॉक्सवैगन का ये प्लान कंपनी के इतिहास के सबसे बड़े बदलावों में से एक माना जा रहा है। नए प्लान के तहत कंपनी लागत घटाने, उत्पादन को अधिक कुशल बनाने और बदलते वैश्विक ऑटो मार्केट में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है।

चिंतन

अब अंतरिक्ष से दुनिया पर भारत की नजर

अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती ताकत अब केवल उपग्रहों की संख्या या प्रक्षेपण की सफलता तक सीमित नहीं रह गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की नई उपलब्धि इस बात का संकेत है कि भारत पृथ्वी को अंतरिक्ष से देखने, समझने और उसके आधार पर त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को लगातार मजबूत कर रहा है। उन्नत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-05 का सफल प्रक्षेपण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ईओएस-05 की सबसे बड़ी विशेषता इसका भू-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित होना है। पृथ्वी से करीब 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर ऐसी कक्षा में उपग्रह की तैनाती भारत को एक अलग तरह की निगरानी और अवलोकन क्षमता देगी। निचली पृथ्वी कक्षा में घूमने वाले उपग्रहों की अपनी उपयोगिता है, लेकिन भू-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित उपग्रह लगातार एक बड़े भूभाग पर नजर रखने में अधिक सक्षम होते हैं। यही कारण है कि इस मिशन को कृषि, मौसम, आपदा प्रबंधन और राष्ट्रीय स्तर की अनेक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वास्तविक समय के करीब तस्वीरें उपलब्ध कराने की क्षमता इस उपग्रह को और उपयोगी बनाती है। आज जब मौसम में तेजी से बदलाव हो रहे हैं, बाढ़, भूस्खलन, चक्रवात और जंगलों की आग जैसी आपदाएं अचानक बड़े क्षेत्रों को प्रभावित कर रही हैं, तब जमीन से मिलने वाली सूचनाओं के साथ अंतरिक्ष से मिलने वाला दृश्य आंकड़ा प्रशासन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हो सकता है। किसी बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में सड़क और पुल की स्थिति जानना हो, फसल के नुकसान का आकलन करना हो या किसी आपदा के बाद राहत कार्यों की प्राथमिकता तय करनी हो, उपग्रह से प्राप्त तस्वीरें निर्णय प्रक्रिया को तेज कर सकती हैं। कृषि के क्षेत्र में भी इसकी उपयोगिता दूरगामी हो सकती है। फसलों की स्थिति, भूमि के उपयोग में बदलाव, सिंचाई से जुड़े क्षेत्र और प्राकृतिक संसाधनों की निगरानी जैसी गतिविधियों में पृथ्वी अवलोकन उपग्रह पहले से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस मिशन का एक दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष भारत की प्रक्षेपण क्षमता है। जीएसएलवी के जरिए 2,367 किलोग्राम वजनी उपग्रह को निर्धारित कक्षा में स्थापित करना इस प्रक्षेपण यान की क्षमता में हुई प्रगति को दर्शाता है। कभी 1,536 किलोग्राम के पेलोड से शुरू हुआ यह सफर अब कहीं अधिक भारी उपग्रह को अंतरिक्ष तक पहुंचाने में सक्षम हुआ है। हालांकि इस उपलब्धि के साथ एक सावधानी भी जरूरी है। अंतरिक्ष से प्राप्त आंकड़ों की उपयोगिता तभी पूरी तरह सामने आएगी, जब उन्हें जमीन पर काम करने वाली व्यवस्थाओं से प्रभावी ढंग से जोड़ा जाए। उपग्रह तस्वीरें उपलब्ध करा सकता है, लेकिन उनका विश्लेषण, संबंधित विभागों तक समय पर पहुंच और उसके आधार पर त्वरित कार्रवाई उतनी ही महत्वपूर्ण है। तकनीक तभी जनहित का माध्यम बनती है जब उसका अंतिम लाभ आम नागरिक तक पहुंचे। इसरो ने ईओएस-05 को टोही उपग्रह बताए जाने की अटकलों को खारिज किया है। इसलिए इसके घोषित वैज्ञानिक और नागरिक उपयोगों को ही इसके मूल्यांकन का आधार बनाया जाना चाहिए। ईओएस-05 की नौ वर्ष की कार्य अवधि के दौरान इससे मिलने वाले आंकड़े मौसम से लेकर खेती और आपदा प्रबंधन तक अनेक क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो सकते हैं। इस मिशन की असली सफलता तब मानी जाएगी, जब अंतरिक्ष में स्थापित यह 'आंख' जमीन पर करोड़ों भारतीयों के जीवन को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और बेहतर बनाने में मदद करे।

मुद्दा
कुलदीप सिंह भाटी

भविष्य की जरूरत है जलवायु मुआवजा

नेपाल में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ का कारण प्रारंभ में ग्लेशियर झील के फटने को बताया गया था। भू-विज्ञान की भाषा में इसे ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड कहा जाता है। बाद के शोध और अनुसंधान से यह स्पष्ट हुआ कि रसुवा के लांगटांग लिरुंग इलाके में लगभग 5200 मीटर की ऊंचाई से बर्फ, चट्टान और मलबे का बड़ा हिस्सा लेंडे नदी में गिरा। अतः यह शक्तिशाली बाढ़ किसी भूकंप या झील के फटने से नहीं, बल्कि लेंडे नदी में बर्फ और चट्टानों के गिरने से उत्पन्न मलबे के कारण हुई, जो भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों के रास्ते नीचे की ओर बहती चली गई। इस विनाशकारी बाढ़ से नेपाल में जान-माल का भारी नुकसान हुआ। इस भारी नुकसान के बीच नेपाल की क्लाइमेट कंपनसेशन (जलवायु मुआवजा) की मांग ने एक नई बहस छेड़ दी है। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने कहा कि नेपाल ऐसे संकट की कीमत चुका रहा है, जिसे उसने पैदा ही नहीं किया। इस आपदा के बाद विश्व समुदाय से मिल रही आर्थिक सहायता को दान के रूप में नहीं, बल्कि क्षतिपूर्ति के मुआवजे के रूप में दिया जाना चाहिए। नेपाल, जिसका ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में विकसित और विकासशील देशों की तुलना में नगण्य योगदान है, उसे इसका सबसे अधिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। नेपाल ने सीधे अमेरिका, चीन और भारत से जलवायु मुआवजे की मांग की है।

इतिहास पर नजर डालें तो यह कोई नया मुद्दा नहीं है। इससे पहले 2022 में पाकिस्तान ने अपने देश में आई विनाशकारी बाढ़ के लिए परोक्ष रूप से जलवायु मुआवजे की मांग की थी। जून से अक्टूबर 2022 तक चली वह बाढ़ दक्षिण एशिया की सबसे विनाशकारी बाढ़ों में से एक थी। उसमें 1739 लोग मारे गए थे और लगभग 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर की आर्थिक क्षति हुई थी। इसी तरह समुद्र तल से निचले स्तर पर स्थित द्वीप-राष्ट्र वानुअतु ने भी अमेरिका जैसे प्रमुख जलवायु प्रदूषकों से बढ़ते समुद्र स्तर के अनुकूलन के लिए धन उपलब्ध कराने का आह्वान किया था। संयुक्त राष्ट्र में दायर याचिका में वानुअतु के अधिकारियों ने लिखा था कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में अपने नगण्य योगदान के बावजूद वानुअतु जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का सामना कर रहा है। वानुअतु ने इसे कानूनी क्षतिपूर्ति के प्रश्न के रूप में अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखा था। जलवायु परिवर्तन के कारण प्रकृति में हो रहे बदलावों से उत्पन्न आपदाओं को केवल 'प्राकृतिक आपदा' कहकर पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता। इन आपदाओं के लिए प्रकृति में किए गए अनुचित हस्तक्षेप भी प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से समान रूप से जिम्मेदार हैं। अंधाधुंध विकास के नाम पर ग्रीनहाउस गैसों का अत्यधिक उत्सर्जन हो रहा है, जिससे पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है और विभिन्न क्षेत्रों की जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए पर्वतीय और द्वीप राष्ट्रों द्वारा ऐसी आपदाओं पर मुआवजा मांगना न केवल उनके अधिकारों की रक्षा है, बल्कि बड़े राष्ट्रों का नैतिक दायित्व भी है। नेपाल ने अपनी इस मांग को संयुक्त राष्ट्र महासभा की आगामी बैठक में वैश्विक स्तर पर उठाने की बात कही है। मुद्दा केवल इसके अंतरराष्ट्रीयकरण का नहीं, बल्कि नेपाल जैसे छोटे राष्ट्रों की वास्तविक चिंताओं का है। इन छोटे राष्ट्रों की बजट संबंधी सीमाएं होती हैं। तात्कालिक वैश्विक सहायता के

बावजूद ऐसी बड़ी आपदाएं पहले से संघर्षरत अर्थव्यवस्थाओं पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। अवसंरचना और मानवीय बस्तियों के पुनर्वास में होने वाला पूंजीगत व्यय छोटे राष्ट्रों के लिए योजनागत रूप से बहुत महंगा पड़ता है। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी आधारभूत योजनाओं पर दबाव बढ़ता है और लोक-कल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होती हैं। विश्व संस्थाएं चाहे संयुक्त राष्ट्र संघ हो या इसकी अनुषंगी इकाइयां, अक्सर बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और विकसित राष्ट्रों के प्रभाव में रहती हैं। इसलिए उनके दिशा-निर्देशों पर विकसित राष्ट्रों के हितों का परोक्ष प्रभाव दिखाई पड़ता है। इसी कारण नेपाल जैसे देशों की चिंताओं और उनके उठाए गए मुद्दों पर पर्याप्त गंभीरता से विचार नहीं किए जाने की संभावना बनी रहती है। पर्यावरण सुरक्षा के लिए कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं और कार्यकर्ताओं के दबाव में यदि इनकी बात पर विचार भी किया जाता है, तो सकारात्मक परिणाम निकलने की संभावना दूर की कौड़ी लगती है। दूसरी ओर, छोटे देशों पर बड़े और विकसित राष्ट्रों का सामूहिक तथा अंतरराष्ट्रीय दबाव भी बना रहता है। इसलिए यह भी संभव है कि जिस आक्रोश में ये मांगें उठती हैं, बाद में उतनी ही शालीनता या विनम्रता से उन्हें पीछे भी हटा लिया जाए। शक्ति और भय के कारण भले ही ये मांगें जोर न पकड़ पाएं, लेकिन इस सच से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस प्रकार की आपदाएं केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानव-जनित और अव्यवस्थित विकास के दुष्परिणाम भी हैं। वर्तमान में इस प्रकार के मुआवजे के लिए वैश्विक स्तर पर कोई ठोस दिशा-निर्देश नहीं बनाए गए हैं। किंतु धीरे-धीरे बढ़ती इन मांगों को लंबे समय तक अनसुना नहीं किया जा सकेगा। अंततः यह केवल किसी देश विशेष के लिए प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोकने का क्षतिपूर्ति बंधन ही नहीं, बल्कि एक आवश्यक नैतिक दायित्व भी है। इस प्रकार की मांग मानव के सुरक्षित जीवन जीने के आधारभूत अधिकारों को लेकर की गई एक पहल है। 2019 में मानवाधिकार परिषद के 42वें सत्र में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बाशेले ने चेतावनी दी थी कि वैश्विक तापमान वृद्धि के अनुमानित स्तर मानवाधिकारों के लिए 'विनाशकारी' जोखिम पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार दायित्वों के तहत राज्यों को वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक रूप से सहयोग करना चाहिए, जिसमें उन देशों से पर्याप्त वित्तपोषण शामिल है, जो इसे वहन करने में सबसे अधिक सक्षम हैं। इसके लिए जलवायु परिवर्तन शमन, अनुकूलन और क्षति के निवारण की आवश्यकता है। यद्यपि नेपाल का दावा मुख्य रूप से इस आधार पर टिका है कि सबसे अधिक उत्सर्जन करने वाले प्रमुख देशों को ही भुगतान करना चाहिए, फिर भी देश को अनेक कानूनी बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। हानि और क्षति के वित्तपोषण तथा कानूनी मुआवजे के बीच का अंतर भी महत्वपूर्ण हो जाता है। जलवायु परिवर्तन से होने वाले अपरिहार्य नुकसान से निपटने के लिए संवेदनशील देशों को तत्काल वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। इसलिए अब समय आ गया है कि जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गलत कार्य से नुकसान हुआ हो, वहां जिम्मेदारी तय करने के लिए कानूनी रास्ते भी उपलब्ध कराए जाएं। विश्व समुदाय को संयुक्त राष्ट्र आपदा कोष का विस्तार करना चाहिए और कमजोर राष्ट्रों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता को 'हानि और क्षति' भुगतान से आगे बढ़ाकर 'जलवायु क्षतिपूर्ति' के रूप में परिभाषित करने पर विचार करना चाहिए। तात्कालिक अंतरिम सहायता के साथ ही ऐसी आपदाओं पर मुआवजे के लिए समयबद्ध भुगतान की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि मुआवजे की यथोचित मांगें फाइलों में दबकर न रह जाएं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

> नेपाल में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ का कारण प्रारंभ में ग्लेशियर झील के फटने को बताया गया था। भू-विज्ञान की भाषा में इसे ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड कहा जाता है। बाद के शोध और अनुसंधान से यह स्पष्ट हुआ कि रसुवा के लांगटांग लिरुंग इलाके में लगभग 5200 मीटर की ऊंचाई से बर्फ, चट्टान और मलबे का बड़ा हिस्सा लेंडे नदी में गिरा। अतः यह शक्तिशाली बाढ़ किसी भूकंप या झील के फटने से नहीं, बल्कि लेंडे नदी में बर्फ और चट्टानों के गिरने से उत्पन्न मलबे के कारण हुई, जो भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों के रास्ते नीचे की ओर बहती चली गई। इस भारी नुकसान के बीच नेपाल की क्लाइमेट कंपनसेशन (जलवायु मुआवजा) की मांग ने एक नई बहस छेड़ दी है।

शिक्षक दिवस

अरविंद जयतिलक

राष्ट्र निर्माण के प्रतिनिधि हैं शिक्षक

आज गुरुओं के सम्मान का दिन है। 5 सितंबर को देशभर में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1962 में जब डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय गणतंत्र के दूसरे राष्ट्रपति बने, तब उनके विद्यार्थियों ने उनका जन्मोत्सव मनाने का विचार किया, लेकिन उन्होंने इस अनुरोध को अस्वीकार कर सुझाव दिया कि अगर वे उनके जन्मोत्सव को शिक्षक दिवस के रूप में मनाएं तो ज्यादा खुशी होगी। तभी से इस दिन को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन अक्सर कहा करते थे कि शिक्षक का कार्य केवल शिक्षण संस्थानों की परिधि तक ही सीमित नहीं है। समाज व राष्ट्र के गुणसूत्र को बदलने की जिम्मेदारी भी उसके कंधे पर होती है। इसलिए कि वह राष्ट्रीय जनमानस का प्रतिनिधि होता है। उसके आदर्शवादी मूल्य और सारगर्भित विचारधारा समाज व देश के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। राधाकृष्णन एक उत्कृष्ट विद्वान, महान शिक्षाशास्त्री के अलावा कुशल वक्ता भी थे। अंग्रेजी और संस्कृत पर उन्हें असामान्य अधिकार था। भारत में सत्ता हस्तांतरित होने के गौरवशाली अवसर पर जो गिने-चुने महापुरुषों ने अपने विचार व्यक्त किए उनमें डा. राधाकृष्णन भी थे। उनकी विद्वता और ज्ञान सिर्फ कोरी शास्त्रीय नहीं थी, बल्कि इसे अपने जीवन में उतारा भी। शिक्षा में महान योगदान को देखते हुए ही भारत सरकार ने उन्हें 1954 में भारत रत्न की उपाधि से विभुषित किया। डा. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को मद्रास के निकट तिरुतानी में हुआ।

शिक्षा प्राप्ति के तदोपरांत डा. राधाकृष्णन सर्वप्रथम एक शिक्षक के रूप में मद्रास में लेक्चरर नियुक्त हुए। 1911 में वे मद्रास के प्रेसीडेंसी कालेज में

असिस्टेंट प्रोफेसर और 1916 में प्रोफेसर बने। 1918 में वह मैसूर विश्वविद्यालय में चले गए और वहां 1921 तक रहे। 1926 और 1929-30 में ऑक्सफोर्ड के मानचेस्टर कालेज और 1926 में शिकागो विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे। 1927 में भारतीय दर्शन परिषद के बंबई अधिवेशन के अध्यक्ष बने। सर आशुतोष मुखर्जी के निवेदन पर वे कलकत्ता विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर पद पर कार्य करना स्वीकार किया। वे वहां 1921 से 1931 तथा 1937 से 1941 तक अध्यापन कार्य किए। इसके बाद वे आंध्रप्रदेश विश्वविद्यालय में 1939 से 1948 तक उपकुलपति रहे। 1931 से 1941 तक राष्ट्रसंघ की बौद्धिक सहकारिता संबंधी अंतर्राष्ट्रीय समिति के सदस्य रहे। बंगाल की रायल एशियाटिक सोसायटी के फैलो और भारतीय विश्वविद्यालय कमीशन के अध्यक्ष के पद की भी उन्होंने शोभा बढ़ाई। 1916 महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा बनारस में स्थापित काशी हिंदू विश्वविद्यालय में भी उन्होंने बतौर कुलपति अपनी भूमिका का गौरवपूर्ण निर्वहन किया। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जब गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया उस दौरान काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिंसा लिया। अपने ज्ञान-विज्ञान, दर्शन और चिंतन से भारतीय समाज और राष्ट्र के जीवन में नवीन प्राणों का संचार करने के कारण ही शिक्षक यानी गुरुओं की तुलना ब्रह्मा, विष्णु व महेश से की गई है। गुरु अर्थात ज्ञान का वो प्रकाशपूंज जो शिष्य के अंधकार रूपी अज्ञान समाप्त करके उसे और सार्थक मनुष्य बनाता है। संत कबीर कहते हैं कि 'हरि रुठे गुरु ठौर हैं, गुरु रुठे नहीं ठौर'। अर्थात भगवान के रुठने पर तो गुरु की शरण रक्षा कर सकती है, लेकिन गुरु के रुठने पर कहीं भी शरण नहीं मिलेगी। शास्त्रों में गुरु को तीर्थ से भी बड़ा कहा गया है। तीर्थ गए तो एक फल, संत मिले फल चार, सद्गुरु मिले तो अनंत फल, कहे कबीर विचार। गुरु शिष्य का मार्गदर्शन कर उसके जीवन को ऊर्जा से भर देता है। लीलारस के रसिकों का दाता श्रीकृष्ण भी सद्गुरु ही है। भगवान श्रीकृष्ण ने गुरु रूप में शिष्य अर्जुन को संदेश दिया था कि 'सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज, अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यि माम शुचः। अर्थात सभी साधनों को छोड़कर केवल नारायण स्वरूप गुरु की शरणागत हो जाना चाहिए। वे उसके सभी पापों का नाश कर देंगे। भारतीय संस्कृति और सभ्यता में कहा गया है कि जिनके दर्शन मात्र से मन प्रसन्न होता है वह परमसत गुरु है। गुरु के बिना न आत्मदर्शन संभव है और न ही परमात्मा दर्शन। जप, तप, यज्ञ और ज्ञान में गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक है। किसी भी प्रकार की विद्या हो अथवा ज्ञान वह गुरु से ही प्राप्त होता है। सद्गुरु की महिमा अनंत और अपरंपार है। आज के आधुनिक युग में भी गुरु की महत्ता में तनिक भी कमी नहीं आयी है। एक बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए आज भी गुरु का सानिध्य आवश्यक है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मन की कड़वाहट मिटाने से संबंधों में समरसता आएगी



संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

भगवान शिव के अंशावतार हैं वीर हनुमान

संकलित
प्रेरणा

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

अंतर्मन



आज की पाती

शिक्षक को अपनी भूमिका समझनी होगी

समाज में नैतिक मूल्यों का आए दिन क्षरण हो रहा है। पहले के मुकाबले आज परिस्थितियां बिल्कुल विपरीत हो चुकी हैं। वास्तव में मां-बाप अपने कर्तव्यों से विमुख होते जा रहे हैं और बच्चों की शिक्षा का दारोमदार शिक्षक के ऊपर छोड़ दिया है। फलस्वरूप बच्चों का भविष्य जहां गर्त में जा रहा है, वहीं शिक्षक भी इनके भविष्य के प्रति नाममात्र ध्यान देकर अपनी इतिश्री कर रहे हैं। जबकि शिक्षक को गुरु और भगवान के रूप में हमेशा देखा गया है। हर वर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा। विडंबना यह है कि शिक्षक को समाज आज वांछित इज्जत नहीं दे रहा है और न ही शिक्षक अपनी भूमिका को समझ पा रहा है।

- संजय खोखर, रोहतक

ट्रेंड

कांग्रेस की झूठ

जैसे ही राम मंदिर में एयर फोर्स के एक पूर्व अधिकारी की नियुक्ति हुई, कांग्रेस की झूठ फैलाने वाली मशीन तुरंत हरकत में आ गई। उनकी योग्यता, उनका काम नहीं दिखाया गया, उन्होंने इसमें विवाद ढूंढ ही लिया।

-**शिवराज सिंह चौहान**, केंद्रीय कृषिमंत्री

आदिवासी छात्रों की लड़ाई

नासिक और महाराष्ट्र के आदिवासी छात्रों की लड़ाई सिर्फ शिक्षा, रोजगार, हॉस्टल और भोजन के लिए नहीं है, यह उनके अस्तित्व और आदिवासी पहचान की लड़ाई भी है। इन बहादुर छात्रों से मिलकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई और जीत हासिल की।

-**राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

जगदीश मित्तल को नमन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और 'राष्ट्रीय कवि संगम' के संस्थापक-अध्यक्ष जगदीश मित्तल के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। राष्ट्रीय चेतना के प्रति उनका समर्पण सभी को राष्ट्र-सेवा के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

- **भजनलाल**, सीएम, राजस्थान

इसरो टीम को बधाई

इसरो का हर लॉन्च हमें गर्व से भर देता है। तकनीक के क्षेत्र में हासिल की गई हर नई कामयाबी भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूत करती है। ईओएस-05 को ले जाने वाले सफल जीएसएलवी-एफ17 मिशन के लिए इसरो की टीम को बहुत-बहुत बधाई।

- **स्मृति ईरानी**, पूर्व केंद्रीय मंत्री

करंट अफेयर

जॉर्डन को अमेरिकी संबंधों की कीमत चुकानी पड़ रही

अमेरिकी सैनिकों की मेजबानी करने वाले जॉर्डन को ईरान के साथ जारी अमेरिका के युद्ध में वाशिंगटन के साथ करीबी संबंधों की कीमत चुकानी पड़ रही है और ईरान उसके सैन्य ठिकानों को कई बार निशाना बना चुका है।

विश्लेषकों का कहना है कि सैकड़ों ड्रोन एवं मिसाइल हमलों ने जॉर्डन पर पहले से मौजूद दबाव को और बढ़ाया है। उनका कहना है कि देश की अर्थव्यवस्था सुस्त है और पड़ोसी वेस्ट बैंक में भी अस्थिरता बढ़ी है, जहां इजराइल ने फलस्तीनियों पर हमले तेज कर दिए हैं। जॉर्डन में और हमलों के खतरे के बावजूद उसके नेताओं का कहना है कि वे अमेरिका के साथ करीबी संबंध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जॉर्डन अमेरिकी अधिकारियों के साथ सुरक्षा संबंध मजबूत करने और संघर्ष से जूझ रहे पश्चिम एशिया में पश्चिमी देशों के लिए एक भरोसेमंद साझेदार बनने की दशकों से कोशिश करता रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका के साथ यह गठजोड़ जॉर्डन को अपने पड़ोसी देशों को अस्थिर करने की ईरान की कोशिशों से बचाव का एक जरिया भी देता है। जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय ने ऐसे गठजोड़ की जरूरत को स्वीकार करते हुए पिछले साल कहा था कि कोविड-19 संकट, यूक्रेन पर रूस के व्यापक हमले और पश्चिम एशिया में इजराइल के कई सैन्य अभियानों से पैदा हुई अस्थिरता इस क्षेत्र से बहुत दूर तक भी अराजकता फैला सकती है।

ऑफ बीट

हिमालय से जुड़े खतरे होते जा रहे हैं जटिल

नेपाल में हाल में आई विनाशकारी बाढ़ का समय-क्रम अब धीरे-धीरे साफ हो रहा है। सुबह 8:37 बजे, उपकरणों ने नेपाल और चीन की सीमा के निकट कुछ हलचल दर्ज की, जिसे शुरुआत में भूकंप समझा गया। लेकिन सिर्फ सात मिनट बाद ही, सीसीटीवी कैमरों ने गीरोंग पोर्ट सीमा चौकी को मलबे के भारी बहाव और बाढ़ से तबाह होते हुए दर्ज किया। नेपाल के बाढ़ नियंत्रण अधिकारियों को इस घटना की जानकारी सुबह लगभग 9:00 बजे मिली और उन्होंने सुबह लगभग 9:15 बजे एक आपातकालीन एसएमएस अलर्ट भेजा। लेकिन तब तक नेपाल एक बड़ी आपदा की चपेट में आ चुका था। कंपन दर्ज होने और आपातकालीन अलर्ट जारी होने के बीच 38 मिनट का अंतर ध्यान खींचने वाला है। लेकिन यह सोचना गलत होगा कि नेपाल के अधिकारी शुरुआती संकेत पर तुरंत कार्रवाई कर सकते थे: उस समय यह एक छोटा भूकंप लग रहा था, न कि पहाड़ों के धराशायी होने की कोई दुर्लभ घटना। इसके अलावा, बाढ़ इतनी तेजी से आई कि जल-स्तर मापने वाले सेंसर संभल ही नहीं सके; वे सामान्य जल-स्तर दर्ज करने के तुरंत बाद ही नष्ट हो गए। ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि एक बेहतर और एकीकृत चेतावनी प्रणाली होती, तो क्या भूकंप से जुड़े आंकड़ों, उपग्रह (सेटेलाइट) की तस्वीरों और अन्य जानकारियों को इतनी तेजी से जोड़कर देखा जा सकता था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

हरियाणा सरकार

"प्रत्येक भारतीय के लिए किफायती स्वास्थ्य सेवा हमेशा से हमारा लक्ष्य रहा है। जन औषधि केंद्रों से आयुष्मान भारत तक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल को सभी के लिए अधिक सुलभ और किफायती बनाने की अपनी यात्रा जारी रखेंगे।"

- नरेन्द्र मोदी

स्वस्थ नागरिक - स्वस्थ समाज

सिलिकोसिस पुनर्वास नीति के अंतर्गत गंभीर बीमारी से पीड़ित श्रमिकों को अब तक 42.05 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में वितरित की गई।

200 बिस्तरों के सिविल अस्पताल, पानीपत को 300 बिस्तरों में अपग्रेड किया।

किडनी रोग से पीड़ित रोगियों को मुफ्त डायलिसिस की सेवाएं सभी नागरिक जिला अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों में 18 अक्तूबर, 2024 से दी जा रही है।

70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत 5 लाख रुपये वार्षिक मुफ्त इलाज सुविधा।

करनाल के बीबीपुर जाटान व दनियालपुर गांवों में लगभग 1.28 करोड़ रुपये की लागत से उप-स्वास्थ्य केन्द्र निर्माणाधीन।

सरसाना, जिला हिसार में 71.75 लाख रुपये की लागत से उप-स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण

सिरसा में 1010 करोड़ रुपये की लागत से 21 एकड़ क्षेत्र में संत सरसांई नाथ जी राजकीय मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन।

राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल, सोनीपत, फरीदाबाद तथा नूहं में क्रिटिकल केयर ब्लॉक स्थापित किये जा रहे हैं।

पाकिस्तान को हराकर लीग चरण का विजयी अंत करने पर भारत की नजर

महिला एशिया कप : चिर प्रतिद्वंद्वी से आज भिड़ेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम की नजरें अब शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ लीग चरण का शानदार अंत करने पर हैं। पुरुष हों या महिला, बहु-टीम टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मुकाबलों को लेकर मैदान के बाहर काफी रोमांच रहता है लेकिन पिछले काफी समय से मैदान पर मुकाबले उतने प्रतिस्पर्धी नहीं रहे हैं। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में भारत का पलड़ा काफी मजबूत दिख रहा है।

भारत के लिए यह मैच केवल औपचारिकता नहीं होगा। विश्व कप में पिछले कुछ मौकों पर समय से पहले बाहर होने के बाद भारतीय टीम को टी20 प्रारुप में कुछ क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के वर्चस्व को चुनौती देने के लिए भारत को बेहतर पावर-हिटर और तेज गेंदबाजों का मजबूत पूल तैयार करना होगा।

एशियाई स्तर पर भारत के आसपास कोई टीम नहीं

एशियाई स्तर पर हालांकि भारत के आसपास भी कोई टीम नजर नहीं आती। पिछली बार भारत किसी तरह श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में उपविजेता रहा था। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने अपने शुरुआती मुकाबले में थाईलैंड को हराया है और अब भी सेमीफाइनल की दौड़ में बना हुआ है। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा भी शानदार फॉर्म में हैं। मंधाना ने हांगकांग के खिलाफ यादगार शतक लगाते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए और प्रतियोगिता की अन्य टीमों को अपनी बल्लेबाजी क्षमता का संकेत दे दिया।

दुबई की पिचों पर बल्लेबाजी आसान नहीं

दुबई की पिचों पर बल्लेबाजी आसान नहीं रही है। बल्लेबाजों को आमतौर पर पिच की गति और उछाल को समझने में करीब 10 गेंद लगती हैं और उसी के अनुसार पारी की योजना बनानी पड़ती है। मध्यक्रम में प्रतिका रावल, ऋचा घोष और कप्तान हरमनप्रीत कौर की भूमिका अहम होगी। तीनों अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में तब्दील नहीं कर सकी हैं। खासकर नंबर तीन पर बल्लेबाजी कर रहीं रावल पर दबाव बढ़ रहा है। वनडे में सफल रही रावल टी20 प्रारुप की मांगों के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं।

पाकिस्तान को बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत

पाकिस्तान को भारत को चुनौती देने के लिए अपनी बल्लेबाजी में बड़े सुधार की जरूरत है। बल्लेबाजी की कमजोरी लंबे समय से टीम की परेशानी रही है। थाईलैंड के खिलाफ पिछले मैच में भी पाकिस्तान ने पावरप्ले में तीन विकेट गंवाकर खुद को मुश्किल में डाल लिया था, हालांकि बाद में उसने 119 रन के मामूली लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव कर लिया। टीम अब भी सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली और कप्तान एवं गेंदबाजी ऑलराउंडर फातिमा सना पर काफी निर्भर है। भारत जैसी मजबूत टीम को चुनौती देने के लिए पाकिस्तान को इस निर्भरता से बाहर निकलना होगा।

मैच का समय रात 8 बजे

खबर संक्षेप

ओमेगा यूरोपियन मास्टर्स संयुक्त दूसरे स्थान पर शुभंकर

क्रैन्स मोंटाना। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ओमेगा यूरोपियन मास्टर्स में सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बोगी रहित छह अंडर 64 के शानदार कार्ड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वह शीर्ष पर रहे चीन के वू आशुन से महज एक शॉट पीछे हैं। शर्मा ने पार-70 सेवेरियानो बैलेस्टेरोस कोर्स पर छह बर्डी लगाईं, जबकि आशुन ने सात बर्डी के साथ 63 का स्कोर बनाया। दोनों खिलाड़ियों का पहला दौर बोगी रहित रहा। शर्मा का 64 का स्कोर इस सत्र का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह प्रदर्शन अगले महीने भारत में होने वाली डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप से पहले आया है। इससे भारतीय खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ना तय है।

दिल्ली और भोपाल में अभ्यास करेंगे निशानेबाज

नई दिल्ली। एशियाई खेलों में हिस्सा लेने जा रहे भारतीय निशानेबाज इस महीने दिल्ली और भोपाल में आयोजित शिविरों में अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देंगे। खिलाड़ियों का लक्ष्य 19 सितंबर से जापान के आइची-नागोया में शुरू हो रहे इस प्रमुख खेल आयोजन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। तैयारी शिविरों का आयोजन भोपाल स्थित मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी और राजधानी दिल्ली के कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार, एशियाई खेलों के लिए चयनित पिस्टल और राइफल निशानेबाज पांच से 14 सितंबर तक भोपाल में अभ्यास लेंगे। ट्रैप निशानेबाजों का शिविर इसी रेंज में 10 से 18 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

इंडिया खेलेगी जापान के खिलाफ टी-20 मुकाबला

नई दिल्ली। भारत-जापान राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम 22 सितंबर को जापान के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलेगी। भारत 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में भी हिस्सा लेगा। जापान के खिलाफ होने वाला यह टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला एशियाई खेलों से पहले भारतीय टीम को महत्वपूर्ण मैच अभ्यास देगा। बीसीसीआई ने कहा, 'जापान क्रिकेट संघ और बीसीसीआई को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि दोनों देशों की पुरुष टीम भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के समारोह की शुरुआत के लिए एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलेंगी।' दोनों टीमें तोचिगी प्रीफेक्चर के सानो इंटरनेशनल क्रिकेट मैदान में सुजुकी कप के लिए मुकाबला करेंगी।

यूएस ओपन : तीसरे राउंड में एलेना और कोको

अब यूलिया से भिड़ेगी एलेना

नंबर वन रैंक के और करीब पहुंचीं रायबाकिना और गॉफ

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना और अमेरिका की कोको गॉफ ने यूएस ओपन के महिला एकल के तीसरे राउंड में जगह बना ली है। रायबाकिना ने जेसिका बौजास मानेरो को, जबकि गॉफ ने पाउला बडोसा को हराकर तीसरे राउंड में प्रवेश किया। जीत के साथ ही रायबाकिना और गॉफ नंबर 1 रैंक के और करीब पहुंच गई हैं।

रायबाकिना ने मानेरो को सीधे सेटों में हराया

रायबाकिना ने जेसिका बौजास मानेरो को सीधे सेटों में हराते हुए तीसरे राउंड में जगह बनाई। दूसरे सेट में 5-3 पर मैच सर्व करने में नाकाम रहने और टूर्नामेंट का उनका पहला सर्विस गेम गंवाने के बावजूद रायबाकिना ने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में अपने चौथे ब्रेक के साथ वापसी करते हुए जीत हासिल की। पिछले यूएस ओपन में चौथे राउंड तक पहुंची रायबाकिना का इस बार तीसरा राउंड में यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा से मुकाबला होगा। दोनों की मुलाकात फ्रेंच ओपन के दूसरे राउंड में हुई थी, जिसे स्टारोडुबत्सेवा ने जीता था।

कोको ने बडोसा को दी मात

कोको गॉफ भी तीसरे राउंड में पहुंचने के साथ दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनने के करीब आ गई हैं। उन्हें इसके लिए कम से कम सेमीफाइनल तक पहुंचना होगा। गॉफ ने दूसरे राउंड के लिए हुए मुकाबले में स्पेन की पाउला बडोसा को सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन के तीसरे राउंड में जगह बनाई। गॉफ ने बडोसा को दो घंटे से भी कम समय में 6-4, 7-6 (7/5) से हराकर एक और स्पेनिश खिलाड़ी क्रिस्टीना बुक्सा से मुकाबला किया। 22 साल की अमेरिकी स्टार, जो अपनी 2023 यूएस ओपन जीत को दोहराने की कोशिश कर रही हैं, बडोसा के साथ अपने पिछले आठ मुकाबलों में से पांच हार चुकी थीं। लेकिन, गॉफ ने आर्थर ऐश स्टेडियम के शाम के सेशन में आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किया और शानदार तरीके से मैच जीता।

यह एक अच्छा मुकाबला था : गॉफ

गॉफ ने जीत के बाद कहा, मैं शायद किसी ऐसे खिलाड़ी के साथ नहीं खेलना चाहूंगी, जिससे मैं दूसरे राउंड में कई बार हारी हूं। लेकिन मुझे लगता है कि आज का मुकाबला मेरे कॉन्फिडेंस को बढ़ाने वाला था। मुझे लगता है कि सीधे सेटों में जीतना भी बहुत बड़ा फर्क डालता है। मेरा टेस्ट हुआ था। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा मुकाबला था, जिसमें मैं तीन घंटे तक कोर्ट पर नहीं थी।

लुधियाना नेशनल यूथ एथलेटिक्स

हरियाणा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, 4 स्वर्ण समेत 14 पदक जीते



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लुधियाना नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के युवा एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक जीते। गुरु नानक स्टेडियम में 1 से 3 सितंबर तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा की झोली में 4 स्वर्ण, 7 रजत और 3 कांस्य पदक आए। खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि थ्रो स्पर्धाओं के साथ-साथ रेस वॉक, दौड़ और रिले मुकाबलों में भी हरियाणा के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। इस बेहतरीन उपलब्धि पर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य राजकुमार मिटान, एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह और महासचिव प्रदीप मलिक ने सभी पदक विजेताओं को बधाई दी है। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वालों में गर्ल्स शॉट पुट में अंजली (16.02 मीटर), हिसार की ओशिन (गर्ल्स डिस्कस थ्रो), भिवानी की प्राची बिश्नोई (गर्ल्स रेस वाक) और चरखी दादरी के धीरज साहू (बॉयज डिस्कस थ्रो) शामिल रहे। इसके अलावा रजत पदक विजेताओं में पानीपत के यश जागलान (डिस्कस थ्रो), लक्षिता (400 मीटर दौड़), फरीदाबाद के हनी मलिक (1000 मीटर दौड़), देव (1000 मीटर दौड़), हिसार की गुंजन (हाई जंप), नितेश कुमार (शॉट पुट - 19.71 मीटर) और रेवाड़ी की मुस्कान (हेप्टाथलॉन - 4535 अंक) ने अपने नाम किए। वहीं कांस्य पदक जीतने वालों में रवि (शॉट पुट - 18.58 मीटर), रोहतक की मानसी दांगी (डिस्कस थ्रो) और इशु, हनी मलिक, इशिका धमीवाल व लक्षिता की तिकड़ी वाली गर्ल्स 1000 मीटर स्प्रिंट मेडले रिले टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का मान बढ़ाया है।

महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट

स्मृति ने मिताली को छोड़ा पीछे

कहा- सोचा नहीं था ऐसा कर पाऊंगी

एजेंसी ▶▶| दुबई

मिताली राज को पीछे छोड़ महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बनने के बाद स्मृति मंधाना ने कहा कि उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी कि वह भारतीय क्रिकेट की इस दिग्गज बल्लेबाज को पीछे छोड़ पाएंगी। मंधाना ने अपने करियर का बड़ा हिस्सा मिताली राज की कप्तानी में खेला है। मिताली उनके लिए बचपन से ही आदर्श रही हैं। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम गुरुवार को भारतीय उपकप्तान ने मिताली के 10,868 अंतरराष्ट्रीय रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। मंधाना के नाम अब तीनों प्रारुपों में कुल 10,880 रन हो गए हैं।

मिताली मेरा आदर्श

मंधाना ने कहा, 'जब तक मैं बल्लेबाजी कर रही थी, मुझे पता ही नहीं था कि मैं कौन सा रिकॉर्ड तोड़ने वाली हूं, क्योंकि मुझे रनों का सही आंकड़ा मालूम नहीं था। उन्होंने कहा, 'मैं जब पीछे मुड़कर देखती हूं तो यह भारतीय क्रिकेट के लिए निश्चित रूप से बहुत अच्छा दिन था। मिताली दीदी ऐसी दिग्गज और आदर्श रही हैं, जिन्हें हम सभी ने बचपन से बल्लेबाजी करते हुए देखा है। उनके रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ पाना मैंने कभी नहीं सोचा था। मुझे इस बात की खुशी है कि इस सूची में शीर्ष दो स्थानों पर भारतीय हैं।' हांगकांग के खिलाफ मंधाना ने शानदार शतक जड़कर एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने महिला टी20 एशिया कप में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का नया रिकॉर्ड बनाया और श्रीलंका की चमारी अटापट्टू के नाबाद 119 रन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

भारत-पनामा के बीच फुटबॉल मैत्री मैच 25 सितंबर को

बेंगलुरु। भारत और पनामा के बीच होने वाला अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैत्री मैच अब तय कार्यक्रम से एक दिन पहले 25 सितंबर को खेला जाएगा क्योंकि मैच के आयोजन स्थल श्री कांतीरवा स्टेडियम में 27 सितंबर को बेंगलुरु मैराथन आयोजित होनी है। पहले भारत-पनामा फुटबॉल मैत्री मैच 26 सितंबर को होना था। सूत्रों के अनुसार, कांतीरवा स्टेडियम मैराथन की शुरुआत और समापन स्थल होगा। ऐसे में पहले तय कार्यक्रम के मुताबिक 27 सितंबर से एक दिन पहले यहां भारत-पनामा मुकाबला आयोजित करना मुश्किल होता। कर्नाटक राज्य फुटबॉल संघ के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, ''हम अब भारत-पनामा मैच को एक दिन पहले करने जा रहे हैं। यह अब 25 सितंबर को खेला जाएगा।''

कोकीन जांच में किर्गियोस पॉजिटिव, स्वीकारा सस्पेंड

लंदन। ऑस्ट्रेलिया के टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस ने जून में स्पेन में एक टूर्नामेंट के दौरान कोकीन के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) द्वारा लगाए गए एक महीने के निलंबन को स्वीकार कर लिया है। किर्गियोस को 4 अगस्त से अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था, जिसकी जानकारी लगभग दो सप्ताह के बाद सार्वजनिक हुई थी। आईटीआईए के अनुसार, 31 वर्षीय किर्गियोस ने जांचकर्ताओं को बताया कि उन्होंने मलोर्का में होने वाले मुकाबले से पहले कोकीन का सेवन किया था। उन्होंने विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के विशेषज्ञ से सलाह लेने के बाद स्वीकार किया कि यह सेवन प्रतियोगिता से बाहर की अवधि में हुआ था। वाडा के नियमों के तहत इस मामले में सामान्यतः तीन महीने का प्रतिबंध लगाया जाता है, लेकिन उपचार कार्यक्रम पूरा करने पर इसे घटाकर एक महीने किया जा सकता है।

जापान में कंटेनर में रहेंगे भारतीय एथलीट

19 सितंबर से शुरू हो रहे एशियाई खेलों में नहीं होगा पारंपरिक खेल गांव

एजेंसी ▶▶| पटियाला

छह फीट से कुछ ही अधिक लंबे बिस्तर, पास-पास सिमटी दीवारें और जरूरत भर का सामान रखने की जगह। आमतौर पर ऐसी जगह किसी को असहज कर सकती है लेकिन भारतीय खिलाड़ियों के लिए यह महज एक छोटा-सा कमरा नहीं, बल्कि एशियाई खेलों से पहले की खास तैयारी है। पटियाला स्थित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस) में इन दिनों कुछ खिलाड़ी कंटेनर के भीतर रात गुजार रहे हैं। इसका मकसद उन्हें उस तरह के आवास का अभ्यस्त बनाना है, जिसका सामना उन्हें जापान में होने वाले एशियाई खेलों के दौरान करना होगा। इस बार 19 सितंबर से शुरू हो रहे आइची-नागोया एशियाई खेलों में पारंपरिक खेल गांव नहीं होगा।

खिलाड़ियों के ठहरने का इंतजाम कंटेनरों, क्रूज और अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं में किया जा रहा है। ऐसे में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने पटियाला और बेंगलुरु स्थित अपने केंद्रों में अस्थायी कंटेनर कमरे तैयार किए हैं, ताकि खिलाड़ी पहले ही इस अनोखी व्यवस्था का अनुभव ले सकें।

चाइना मास्टर्सः क्वार्टर फाइनल में श्रीकांत का सफर खत्म

सात्विक और चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| शेनजेन

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत दर्ज कर चीन मास्टर्स सुपर 750 के सेमीफाइनल में जगह बना ली लेकिन अनुभवी किदांबी श्रीकांत का अभियान पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 70 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 16-21, 21-18 से जीत हासिल की। इससे मई में थाईलैंड ओपन सुपर

500 में रजत पदक और सिंगापुर ओपन सुपर 750 में खिताब जीतने के बाद उनका शानदार प्रदर्शन जारी रहा। अब सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना नूर मोहम्मद अजरिन और तान वी कियोंग की दुनिया की 29वें नंबर की मलेशियाई जोड़ी से होगा। सात्विक और चिराग ने आक्रामक अंदाज में शुरुआत करते हुए 5-1 की बढ़त बना ली। उन्होंने लगातार शानदार विनर्स लगाकर रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा। भारतीय जोड़ी ने अपनी आक्रामक लय बरकरार रखते हुए सात अंकों की बढ़त हासिल कर स्कोर 16-9 कर दिया और पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में डेनमार्क की जोड़ी ने अपने खेल में तेजी दिखायी और भारतीय खिलाड़ियों के हर शॉट का बराबरी से जवाब दिया। स्कोर 15-15 से बराबर होने के बाद एस्ट्रुप और रासमुसेन ने लगातार दो मौकों पर तीन-तीन अंक जुटाकर छह अंकों की निर्णायक बढ़त बनाई।

दूसरे गेम में मुकाबला रहा कड़ा

दूसरे गेम में मुकाबला काफी कड़ा रहा। श्रीकांत ने एक बार फिर आक्रामक शुरुआत करते हुए 4-0 की बढ़त बनाई, लेकिन ली चेक ने लगातार अंक हासिल कर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। इसके बाद रैलियां लंबी होती गईं और दोनों खिलाड़ियों के बीच अंतर बेहद कम रहा। बढ़त कई बार बदली और दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देते हुए 15-15 तक पहुंच गए। जब ऐसा लगा कि श्रीकांत जीत के करीब पहुंच रहे हैं, तभी ली चेक ने अपनी गति बढ़ा दी। उन्होंने लगातार तीन अंक हासिल कर 18-15 की बढ़त बना ली और इसके बाद तीन और अंक लगातार जीतकर मुकाबला सीधे गेम में समाप्त कर दिया।

देशभर में रही 'राधे-राधे' और 'गोविंदा आला रे' की धूम, मंदिरों में भीड़

जम्मू

एजेंसी ▶▶ मुंबई/मथुरा

मुंबई समेत देश के विभिन्न हिस्सों में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। शहर के विभिन्न कृष्ण मंदिरों में सुबह की पूजा-अर्चना को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।आरती तथा भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। जहां 'गोविंदाओं' की कई उत्साही टोलियां सड़कों के कोनों पर काफी ऊंचाई पर लटकाए गए दही-दूध से भरे मटकों को तोड़ा। गिरगांव चौपाटी स्थित इस्कॉन मंदिर में 'मंगला आरती' के साथ अनुष्ठानों की शुरुआत की गई। श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से ही जयपुर के गोविंददेवजी सहित प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। चेन्नई के इस्कॉन मंदिर में भी शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार पूरे धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया।चेन्नई ईसीआर स्थित इस्कॉन मंदिर में उत्सव की शुरुआत 3 सितंबर को हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, परिवारों, युवाओं और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया।

जन्माष्टमी पर देशभर में मंदिरों में लगा श्रद्धालुओं का तांता

राजकोट। यहां भगवान की शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और फूल बरसाए।

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर रात 12 बजे पूजा करते ट्रस्टी।

चेन्नई। यहां के इस्कॉन मंदिर में श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लागा रहा। लोगों ने दर्शन किए। भारी भीड़ रही।

कांग्रेस नेता सोनिया की आत्मकथा की चर्चा

अब हार्परकॉलिन्स इंडिया करेगा प्रकाशन, पेंगुइन ने किया था मना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की आत्मकथा 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' का प्रकाशन हार्परकॉलिन्स इंडिया करेगी। एक रिपोर्ट में बताया गया था कि पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया और सोनिया के बीच उनकी किताब प्रकाशित करने की डील नहीं हो पाई थी। इसके एक हफ्ते बाद हार्परकॉलिन्स इंडिया ने घोषणा की है कि वह सोनिया की किताब पब्लिश करेगा।प्रकाशक ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि यह किताब भारत में 10 नवंबर को प्रकाशित होगी। हमारे समय के सबसे बहुप्रतीक्षित राजनीतिक संस्मरणों में से एक 'बिलॉन्गिंग' प्रेम, पहचान, कर्तव्य और अपनेपन की एक नाटकीय और बेहद व्यक्तिगत कहानी है और भारत की यात्रा का एक दुर्लभ आंतरिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।

अरुणाचल में एसआईआर सुनवाई के दौरान हिंसा

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले के बोरदुमसा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की सुनवाई के दौरान हिंसा भड़कने के बाद इलाके में तनाव फैल गया। स्थानीय प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी।

बोरदुमसा के अतिरिक्त उपायुक्त सबदम तायंग ने बताया कि बिजयपुर के लिए दावा और आपत्ति निपटाने संबंधी सुनवाई के दौरान ऑल अरुणाचल प्रदेश स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे लोगों के एक समूह ने 2006 के बाद मतदाता सूची में शामिल चकमा और हाजोंग समुदाय के मतदाताओं के नाम हटाने की मांग कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय परिसर में तोड़फोड़ की और उनके साथ हाथापाई की।

संघ को दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन करार दिया

लंदन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत अपने तीन देशों के दौरे के अंतिम पड़ाव में गुरुवार को ब्रिटेन पहुंचे। आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत अमेरिका और कनाडा के बाद आयोजित इस यात्रा के दौरान वह सप्ताहांत में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। ब्रिटेन पहुंचने पर उन्हें कंजर्वेटिव पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और प्रवासी संगठनों का व्यापक समर्थन मिला। ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी के 5 बार के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने भागवत की सराहना करते हुए एक्स पर लिखा कि आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत द्वारा संगठन के भविष्य को लेकर रखे गए विचारों और सोच को सुनकर बेहद खुशी हुई। 100 से ज्यादा सामुदायिक समूहों ने भागवत के समर्थन में संयुक्त बयान जारी किया। संगठनों ने आरएसएस को दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन करार दिया, जो चरित्र निर्माण, नेतृत्व, सामाजिक एकजुटता और वैश्विक भ्रातृत्व के लिए प्रतिबद्ध है।

अमेरिका और कनाडा के बाद तीन देशों की यात्रा पर लंदन पहुंचे संघ प्रमुख

व्यक्तिगत मामले पर टिप्पणी नहीं

डॉ. भागवत की यात्रा को लेकर ब्रिटिश संसद में विरोधियों की तरफ से सवाल उठाए गए थे। कुछ सिविल सोसाइटी संगठनों ने ब्रिटिश सरकार से इस दौरे का विरोध करने और डॉ. भागवत के कार्यक्रमों को रोकने की मांग की थी।

देशभर में बाढ़ का कहर!

देशभर के कई राज्यों में बाढ़ का कहर, आमजन हलकान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाराणसी के 84 के 84 घाट जलमग्न
हिमाचल में 102 सड़कें बंद

देश के कई राज्यों में आसमान से बरस रही आफत ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। कहीं नदियां उफान पर हैं, कहीं बस्तियां बाढ़ के पानी से घिरी हुई हैं, तो कहीं लोग जान बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को भारी बारिश हुई और भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। उत्तर प्रदेश में कम से कम एक तिहाई जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य में सुल्तानपुर में सबसे अधिक 16.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। स्थानीय मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में और बारिश तथा गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान जताया है। 26 जिलों में करीब 3.53 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अधिकारियों के अनुसार, प्रमुख नदियां उफान पर हैं। वाराणसी में गंगा नदी चेतावनी स्तर को पार कर चुकी है, जबकि बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण 102 सड़कें बंद हो गईं।

15 साल नाव से नदी पार कर पढ़ाने भी पहुंचे

आंखों में रोशनी नहीं, हौसले से 414 दिव्यांगों का भविष्य रोशन किया

अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

खुद शिक्षक बनने के लिए 9 अंकों से हारे, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बनाया हथियार

जिस आंखों से दुनिया की रंगीन तस्वीरें नहीं देखी जा सकतीं, उन्हीं आंखों के पीछे पल रहे सपनों ने न केवल संतोष मिश्रा को शिक्षक बनाया, बल्कि उनकी एक कोशिश से सामान्य वर्ग के 414 दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी शिक्षक बनने का अवसर मिला। जन्म से दृष्टिबाधित संतोष ने ब्रेल लिपि के सहारे पढ़ाई की, उच्च शिक्षा और बीएड किया। शिक्षक बनने के लिए व्यापमं की संविदा शिक्षक पात्रता परीक्षा दी, लेकिन सफलता से 9 अंक पीछे रह गए। उन्होंने इसे अपनी नियति मानकर बैठने के बजाय अधिकार की लड़ाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को आधार बनाया, जिसमें सामान्य वर्ग के दिव्यांग अभ्यर्थियों को 10 अंकों का लाभ दिया गया था। लगातार प्रयास और कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद उन्हें प्रदेश में इस निर्णय का पहला लाभ मिला और उनके साथ 414 अन्य अभ्यर्थियों को भी इसका लाभ मिला।

शिक्षक दिवस पर विशेष

संतोष का संदेश : संतोष मिश्रा कहते हैं कि जीवन में परिस्थितियां कभी भी सफलता की राह रोक नहीं सकतीं, यदि व्यक्ति प्रयास करना न छोड़े। "मैंने अपनी असफलता को अंत नहीं माना। जहां रास्ता नहीं मिला, वहां रास्ता तलाशा। कर्म और निरंतर प्रयास के सहारे हर व्यक्ति अपनी मंजिल तक पहुंच सकता है।

9 अंकों की हार बनी जीत की वजह

अशोक नगर जिले के सिरसी में जन्मे संतोष के लिए जीवन की राह बचपन से ही आसान नहीं थी। दृष्टिबाधिता के बावजूद उन्होंने पढ़ाई जारी रखी। ब्रेल लिपि को अपना सहारा बनाया और उच्च शिक्षा के बाद बीएड की डिग्री हासिल की। शिक्षक बनने का सपना पूरा करने के लिए संविदा शिक्षक पात्रता परीक्षा दी, लेकिन नौ अंक कम पड़ गए।यह असफलता उनके लिए मंजिल का अंत नहीं, बल्कि नई शुरुआत बनी। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले की जानकारी मिली, जिसमें सामान्य वर्ग के दिव्यांग अभ्यर्थियों को 10 अंकों का लाभ देने का निर्णय हुआ था। संतोष ने फैसले को समझा, दस्तावेज जुटाए और अपने अधिकार के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने शुरू किए। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई। वे प्रदेश में इस फैसले का लाभ पाने वाले पहले अभ्यर्थी बने और उनके प्रयास से 414 अन्य सामान्य वर्ग के दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी लाभ मिला।15 साल नाव से पार की हिरण नदीशिक्षक बनने के बाद भी चुनौतियों ने संतोष का पीछा नहीं छोड़ा। उनकी नियुक्ति शाहपुरा ब्लॉक के ग्राम पथरिया में हुई। स्कूल तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं था।

खबर संक्षेप

आंध्र प्रदेश बस में आग सभी 37 यात्री सुरक्षित

मिदतुरु। आंध्र प्रदेश में अनंतपुर जिले के मिदतुरु के निकट शुक्रवार तड़के एक बस में आग लग गई, लेकिन उसमें सवार सभी 37 लोग बच गए। बेंगलुर से हैदराबाद जा रही निजी बस के पिछले हिस्से में आग लग गई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीछे बैठे एक यात्री ने आग की लपटें देखीं और चालक को आगाह किया।

उत्तम कुमार के नाम पर फिल्म केंद्र की आधारशिला

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को न्यू टाउन इलाके में इको पार्क के पास उत्तम कुमार फिल्म केंद्र की आधारशिला रखी। यह महान अभिनेता उत्तम कुमार की जन्मशती के उपलक्ष्य में सालभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का हिस्सा है। राज्य सरकार ने इसके लिए 25 करोड़ आवंटित किए।

बड़बोले स्वतंत्र भारद्वाज को दिल्ली पुलिस ने बुलंदशहर से गिफ्तार किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वतंत्र भारद्वाज के एक बड़बोले वीडियो वायरल होने के बाद सीजेपी और अन्य सियासी दल एक्टिव हो गए। छात्रा निशु आजाद के पिता से मारपीट करने वाले आरोपी स्वतंत्र ने बड़ बोले स्वतंत्र भारद्वाज को दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से हिरासत में लिया है। उसके खिलाफ एससी-एसटी के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, उसके बुलंदशहर में होने की इनपुट पर दिल्ली पुलिस की टीम सादे ड्रेस में उसे हिरासत में लेने पहुंची थी। हालांकि, वह वहां से भागने की फिराक में था, लेकिन समय रहते ही उसे हिरासत में ले लिया गया। वहीं, जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन में शामिल निशु आजाद ने शुक्रवार को अपने लिए सिक्योरिटी की मांग की थी। आजाद के पिता पर सीजेपी प्रोटेस्ट के दौरान स्वतंत्र भारद्वाज ने कथित तौर पर हमला किया था।

एससी-एसटी के तहत मामला दर्ज किया गया

72 घंटे में दिया था गिरफ्तारी का आश्वासन

सीजेपी के विरोध के बाद ऐक्शन में आई पुलिस

सीजेपी ने संसद मार्ग थाने का घेराव किया

संसद स्ट्रीट पुलिस स्टेशन पर शुक्रवार को सीजेपी के सदस्यों सौरव दास और उनके समर्थकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन जुलाई में जंतर-मंतर पर हुए छात्र आंदोलन के दौरान निशु के पिता संजय कुमार पर हुए हमले के मामले में एफआईआर की समीक्षा और सख्त धाराएं जोड़ने की मांग को लेकर किया गया था। वहीं, इस प्रदर्शन में निशु नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के साथ पहुंची थी। प्रदर्शनकारियों की दिल्ली पुलिस के साथ कई घंटों तक वार्ता चली। सौरव दास ने बताया कि पुलिस ने उनकी मांग स्वीकार कर ली है। स्वतंत्र भारद्वाज के खिलाफ एफआईआर में धारा 306, 326 व एससी/एसटी (एस/एसटी) एक्ट जोड़ा जा रहा है।

यह लोकतंत्र के लिए खतराः आजाद

आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि संजय आजाद को 2.5 इंच की दो चोटें आई हैं, सिर में दो अलग-अलग चोटें। ऐसा क्यों हुआ? मुझे यहां क्यों आना पड़ा? अगर अपराध को ताकत के आधार पर माफ कर दिया जाता है, तो लोकतंत्र-कानून के राज के लिए खतरा है।

पुलिस स्टेशन के बाहर गहमागहमी

पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन के बाहर गहमागहमी रही। इस मामले में पीड़िता निशु आजाद, उनके पिता संजय आजाद, आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद, सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास, आशुतोष रांका और वकील ऋषभ रंजन ने मीडिया से बात की।

स्वतंत्र का रहा ये दावा, फिर सफाई

मेरा कुछ नहीं बिगड़ सकता चाहे ट्रंप और नेतन्याहू ही आ जाएं

स्वतंत्र भारद्वाज ने पत्रकारों से बातचीत में एक बार फिर बयान दिया है, जो चर्चा में है। स्वतंत्र ने खुद को पूरी तरह बेफिक्र बताया। भारद्वाज ने कहा कि राहुल गांधी या पूरा विपक्ष भी आ जाए, उनका बाल बांका नहीं हो सकता। उसने यह भी कहा कि हमारा जलवा है, ट्रंप और नेतन्याहू को बुलाने पर भी उसे कोई नुकसान नहीं होगा। पॉडकास्ट में दिए अपने बयान पर स्वतंत्र ने सफाई दी। उसने बताया कि 'कपिल मिश्रा और चिराग पासवान उनके भाइयों जैसे हैं', यह बात व्यंग्य में कही थी। स्वतंत्र ने प्रशासन का सहयोग करने का भी दावा किया।

ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर

अमेरिका में डीजल की कीमत रिकॉर्ड पर, स्टॉक ऑल टाइम लो पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में डीजल की औसत कीमत रेकॉर्ड हाई पर पहुंच गई हैं। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से तनाव बढ़ने तथा रूस की रिफाइनरियों पर यूक्रेन के हमलों से सप्लाई में कमी आई है। डीजल की ऊंची कीमत का असर अमेरिका की पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। इसकी वजह यह है कि इसका इस्तेमाल ट्रांसपोर्ट, खेती और इंडस्ट्रियल कामों में बड़े पैमाने पर होता है। यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि सितंबर से डीजल की सबसे ज्यादा मांग वाला समय शुरू होता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में डीजल की राष्ट्रीय औसत कीमत $5.820 प्रति गैलन तक पहुंच गई। इसका पिछला रिकॉर्ड 17 जून, 2022 को बना था। तब यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यह $5.819 प्रति गैलन पहुंच गया था। एक गैलन 3.785 लीटर के बराबर होता है।

रोजमर्रा की चीजों पर असर

ईंधन महंगा होने से खाने-पीने की वस्तुओं और अन्य जरूरी सामानों के दाम भी बढ़ गए हैं, जिससे अमेरिकी नागरिकों को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका में डीजल की कीमतें ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई हैं, जिससे ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स की लागत काफी बढ़ गई है। माना जा रहा है कि 2026 अमेरिका के इतिहास में डीजल के लिए सबसे महंगा साल साबित हो सकता है।

असमः 1.4 करोड़ की याबा गोलियां व 1.2 लाख सिगरेट जब्त, 7 पकड़े

भाषा ▶▶ गुवाहाटी

असम में अलग-अलग अभियानों के दौरान 1.4 करोड़ रुपये मूल्य की याबा गोलियां और म्यांमा निर्मित 1.2 लाख से अधिक सिगरेट जब्त किए जाने के मामलों में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि याबा गोलियां श्रीभूमि जिले से जब्त की गईं जबकि तस्करी कर लाए गए सिगरेट खेप को पड़ोसी कछार जिले से बरामद किया गया। ये दोनों जिले दक्षिणी असम की बराक घाटी में स्थित हैं। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, "बदरपुर में श्रीभूमि पुलिस ने दो वाहनों को रोका और उसमें से 1.4 करोड़ रुपये मूल्य की 14,000 याबा गालियां जब्त कीं।" उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

■ सीएम हिमंत ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

पंजाब में 85 हजार मुलाजिमों को 60 फीसदी डीए मिलेगा

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने राज्य के कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते (डीए) को लेकर एक अहम घोषणा की है। पंजाब सरकार के मंत्री अमन अरोड़ा द्वारा किए गए इस एलान से राज्य के हजारों कर्मचारियों के वेतन में सीधा इजाफा होगा। 17 जुलाई 2020 के बाद ड्यूटी जॉइन करने वाले सभी कर्मचारियों को अब 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) दिया जाएगा। वर्तमान में इन कर्मचारियों को केवल 42 प्रतिशत डीए मिल रहा था, जिसमें अब सीधे 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। पंजाब के करीब 85,000 कर्मचारियों को फायदा होगा।

17 जुलाई 2020 के बाद ड्यूटी जॉइन करने वालों को फायदा

जालंधर में एफबीआई के वांटेड ठग को पंजाब पुलिस ने पकड़ा

एजेंसी ▶▶ जालंधर

जालंधर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठित अपराध और भगोड़ों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अमरीका के बहुचर्चित 'स्नैप' (-सप्लीमेंटल न्यूट्रिशन असिस्टेंस प्रोग्राम) फ्रॉड केस में वांछित और मोस्ट वांटेड भगोड़े मंजीत सिंह बेदी को गिरफ्तार कर लिया है। बेदी अमरीका में खाद्य सहायता योजना में करोड़ों रुपये के घोटाले को अंजाम देने के बाद कानून की पकड़ से बचने के लिए अप्रैल 2026 में कनाडा के रास्ते भागकर भारत आ गया था। पंजाब पुलिस ने इस कार्रवाई की जानकारी दी।

कनाडा के रास्ते मंजीत सिंह बेदी भाग गया था भारत

छत्रपति संभाजीनगर के अस्पताल में आग, नौ नवजात सुरक्षित निकाले

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में निजी अस्पताल के नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में शुक्रवार की सुबह आग लगने के बाद नौ नवजातों को सुरक्षित स्थानांतरित किया गया। यह घटना शहर के जलना रोड क्षेत्र में स्थित एशियन अस्पताल में हुई। अस्पताल के संचालक डॉ. शोएब हाशमी ने कहा कि जब स्टाफ ने एसी यूनिट से धुआं निकलते देखा तब एनआईसीयू में रखे गए नौ नवजातों को निकाला गया। इस घटना में कुछ भी अप्रिय नहीं हुआ।

दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28